CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

हल्द्वानी, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 35 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार और आय सृजन ही बनाएंगे नगर निकाय आत्मनिर्भर: योगी पेज 2



कुलदीप यादव बने एशिया कप के टॉप विकेट टेकर, अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के खेल टाइम्स



नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान सम्पादकीय



पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, आर्मी के काफिले पर पथराव पेज 12

# सुखद: चीन ने भारतीय दवा उत्पादों से 30% शुल्क हटाया

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन ने भारत के** दवा उत्पादों पर 30 फीसदी आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से फार्मा आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के ठीक बाद उठाया है।

इस फैसले के बाद भारत की दवा बनाने वाली कंपनियां बिना किसी सीमा शुल्क के चीन को दवाएं निर्यात कर सकेंगी। ट्रम्प के टैरिफ से अमेरिकी बाजार में



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 100 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद चीन ने लिया महत्वपूर्ण फैसला**

लागत बढ़ने के बीच चीन का यह फैसला भारतीय कंपनियों को सस्ती दवाओं की मजबूत मांग वाले वैकल्पिक बाजार के तौर पर उभर सकता है। इससे आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फार्मा उत्पादों सहित कई चीजों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। इनमें फार्मा उत्पादों पर 100 फीसदी का शुल्क प्रमुख था। यह बढ़ा हुआ शुल्क एक अक्टूबर से प्रभावी होगा, जिसके बाद दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जिन उत्पादों पर टैरिफ की घोषणा की थी उनमें, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रक शामिल थे। उन्होंने कहा था कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। ट्रम्प के दवाओं के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर देश के दवा निर्माण उद्योग पर। बीते वित्त वर्ष में भारतीय उद्योगों की तरफ से दुनिया को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये (27.9 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हुआ था। इसमें अमेरिका को ही करीब 77 हजार करोड़ रुपये (8.7 अरब डॉलर) की दवाएं निर्यात हुई थीं। भारत के दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। 2025 के पहले छह महीनों में ही अमेरिका को कुल 32 हजार 505 करोड़ रुपये (3.7 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हो चुका है। ऐसे में 100 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिका में भारत की सस्ती दवाएं भी महंगी दरों पर बिकेंगी।

## कनाडा ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा कि कनाडा में हर व्यक्ति को अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है।

## 'एक्स' कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा

**बेंगलुरु।** एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिये मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है। कंपनी ने कहा कि इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69ए के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी।

## चैतन्यानंद ने 50 दिन में 15 होटल बदले, सस्ते ठिकाने चुने

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का पूर्व हेड, 62 साल का स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी गिरफ्तारी से पहले लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पिछले 50 दिनों के दौरान उसने 15 होटल बदले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह पुलिस से बचने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरों वाले सस्ते होटलों में ठहरता था। वह उत्तर प्रदेश के धार्मिक शहरों वृंदावन, मथुरा में भी छिपा रहा। चैतन्यानंद के करीबी उसके लिए होटल चुनते थे। शनिवार को वह आगरा के एक होटल में ठहरा था। रविवार सुबह 3:30 बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## करूर भगदड़, राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

**करूर (तमिलनाडु)।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मानसून उत्तर भारत के 8 राज्यों से विदा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मप्र), झांसी और शाहजहांपुर (उप्र) से होकर गुजर रही है।

# क्रिकेट में भी छाया ऑपरेशन सिंदूर

## ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी: मोदी, सूर्या का जवाब- पीएम फ्रंट फुट पर खेलते हैं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दुबई में एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा कर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इन्कार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉर्ड्स नहीं लेगी। इस बीच मंच पर मौजूद दुबई स्पोर्ट्स सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने की बात हुई, लेकिन नकवी मंच से हटने -**शेष पृष्ठ दो पर**

**पीसीबी चीफ नकवी से टीम इंडिया ने नहीं ली ट्रॉफी**





**पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी व मेडल्स अपने साथ ले गए**

**भारत ने ट्रॉफी के बिना ही जश्न मनाया, ICC से मोहसिन नकवी की शिकायत करेगा BCCI**

**पाक कप्तान आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का लगाया आरोप**



### क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एशिया कप में भारत की जीत पर पीएम मोदी की ओर से किए ट्वीट पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। पीएम मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी, पहली बात तो एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दूसरी बात, अगर आपने तुलना कर ही दी, तो आपको भारतीय टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने पटलवार किया है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराकर हैट्रिक बनाई और सभी मैच जीते। राहुल और प्रियंका गांधी ने अब तक हमारी विजेता टीम को एक भी बधाई संदेश नहीं दिया है।

### भारत के खिलाफ पाकिस्तान का 6-0 स्कोर : पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीएम मोदी पर अपनी राजनीति बचाने के लिए बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है।मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया। इसके जवाब में आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान-भारत के बीच 6-0 का युद्ध स्कोर हमेशा के लिए दर्ज हो चुका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 26 सितम्बर को यूएन में दिए भाषण में भारत को दुश्मन बताता था। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान गिराए थे।

# राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भड़की कांग्रेस

## गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है।



लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा। वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा कि यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं। दरअसल, केरल में एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा पर लाइव बहस चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने कहा था कि राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इसी बयान पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वे राहुल गांधी को खत्म करना चाहते हैं। भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी। वे किसी के सामने झुकते नहीं, क्योंकि वह सांप्रदायिकता और

■ **केरल भाजपा प्रवक्ता ने टीवी पर कहा था: सीने में गोली मारी जाएगी**
■ **द. अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं राहुल**
■ **पिछले दिनों CRPF ने जताई थी राहुल गांधी की सुरक्षा पर चिंता**

फासीवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। वेणुगोपाल की चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि आप खुलेआम आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियों और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते हैं, जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है? एक नेता, जिसने अपने परिवार के दो सदस्यों को हत्याओं में खो दिया, उसकी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करके यह सरकार आग से खेल रही है।

# 39 करोड़ बीमे के लिए पिता का कत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया।

2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपये बीमा क्लेम

■ **युवक ने मां की भी हत्या की, पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख रुपये लिए**

वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपये का क्लेम किया। एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपये -**शेष पृष्ठ दो पर**

# महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में बवाल

**अहिल्यानगर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में सोमवार को सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिखने को लेकर बवाल हो गया। मुस्लिम समुदाय ने प्रदर्शन करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

पुलिस जाम खुलवाने पहुंची, तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को सड़क से

■ **रंगोली से सड़क पर आई लव मुहम्मद लिखने के बाद तनाव, पथराव, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

हटाया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने रंगोली बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। अहिल्यानगर के पास कोटला गांव में सोमवार सुबह सड़क पर रंगोली से आई लव मुहम्मद लिख दिया गया। इस सड़क पर हिंदूवादी संगठन 'हिंदुस्तान शिव प्रतिष्ठान' ने दुर्गा माता दौड़ का आयोजन रखा था। सुबह करीब 7 बजे जानकारी मिलते ही शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए पुणे-छत्रपति संभाजी नगर हाईवे जाम कर दिया।

# लेह हिंसा से लद्दाख में टूरिस्ट रद्द कर रहे बुकिंग

**लेह, वार्ता**

**लेह में** 24 सितम्बर को हुई हिंसा के बाद से लद्दाख में टूरिस्ट बुकिंग्स रद्द कर रहे हैं। लेह में लगे कर्फ्यू की वजह से टूरिस्ट बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

होटल संचालकों का कहना है कि वे टूरिज्म पर ही निर्भर हैं। कर्फ्यू उनकी कमाई पूरी तरह से छीन लेता है। दरअसल, लेह एपेक्स बॉडी के एक हिस्से ने 24 सितम्बर को बंद बुलाया था। इस

■ **कमरों में कैद हुए घूमने आए लोग, हिंसा के बाद लगा था पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू** ■ **इंटरनेट बंद होने से नहीं हो रही बुकिंग**




दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों और इमारतों में आग लगा दी। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में गोली लगने से 4 की मौत हुई और 90 लोग घायल हो गए। इसके बाद जिले में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। प्रशासन ने इस प्रदर्शन का चेहरा रहे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जोधपुर जेल में रखा गया है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। इससे बुकिंग रद्द हो रही हैं और पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। एक होटल मैनेजर नसीब सिंह ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि पिछले एक हफ्ते से एडवांस बुकिंग रद्द हो रही हैं। शहर बंद होने से सामान की कमी हो गई है। कर्फ्यू के बाद बाजार बंद हैं, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भय गुर्जर गैंग का 50 हजार का इनामी बबलू गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने 23 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये का इनामी बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार गिरफ्तार कर लिया। वह निर्भय गुर्जर गैंग का सदस्य था, उसके खिलाफ पिढौरा थाने में 2002 में मुकदमा दर्ज हुआ था। कुख्यात बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार लोगों का अपहरण करता है। इसके बाद अपहरण किए गए व्यक्ति को दस्यु निर्भर गुर्जर गैंग के पास भेज देता था। आरोपी अब आगरा के दूध व्यापारी के अपहरण के लिए रैकी करने पहुंचा था, इसी दौरान डौकी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पिढौरा थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय हरिओम उर्फ कल्ला का 2002 में अपहरण किया गया था। अपहरण के बाद हरिओम को निर्भय गुर्जर गैंग के पास ले जाया गया था। अपहरणकर्ताओं ने हरिओम के पिता से 11.11 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चार आरा.पी दबोच कर फिरौती की रकम बरामद कर ली थी।

### तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया था: रिपोर्ट

**बरेली।** यूपी के बरेली में हिंसा फैलाने के मामले के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की एफआईआर की कॉपी सामने आई है। एफआईआर में बताया गया है कि तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया है। उसने उकसाते हुए कहा कि शहर का माहौल बिगाड़ना है, चाहे इसके लिए पुलिसवालों की हत्या भी करनी पड़े और मुस्लिमों की ताकत दिखानी है। बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में दर्ज एफआईआर में मौलाना तौकीर रजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नगर निगम, नपा और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से बोले सीएम योगी

# नवाचार व आय सृजन बनाएंगे आत्मनिर्भर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विकसित यूपी/2047 संवाद कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहा। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने-अपने नगर में हुए बदलाव और विकास की कहानियां साझा कीं।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से न केवल उनके प्रयासों को सुना बल्कि उनसे यह भी पूछा कि उन्होंने अपने नगरों में कौन से नवाचार अपनाए हैं और आय सश्जन के लिए क्या नए माध्यम खोजे हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रयास भविष्य के आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव बनेंगे। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि



**अपने-अपने नगर में बदलाव व विकास की कहानियां साझा की**

प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक नगर में आते हैं और निगम उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अयोध्या नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आयोजित करे, ताकि यहां का विकास मॉडल अन्य निकायों को भी मार्गदर्शन दे। इसी क्रम में फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नगर निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ वार्षिक हो गई है और निगम द्वारा बनाया जा रहा मॉल स्थायी आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी और इसे 100 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने स्थानीय आय वृद्धि और खाली भूमि के सदुपयोग पर सुझाव रखते हुए मार्गदर्शन मांगा। वहीं, मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि नगर पालिका की आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है और यहां डिजिटल सेवाओं के साथ नागरिकों को मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध कराया गया है।

### बुजुर्ग के कैंसर पीड़ित बेटे के इलाज की योगी ने की व्यवस्था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला के कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियिलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। योगी ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियिलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है। सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है। इसे लेकर ही सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है।

# बगैर अनुमति के जुलूस-शक्ति प्रदर्शन पर कार्रवाई तय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में हुई हिंसा को लेकर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि धार्मिक अभिव्यक्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं है, लेकिन बगैर अनुमति के सड़क पर जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन हुआ तो फिर सरकार गम्भीरता के साथ निपटेगी।

अरुण ने कहा कि आई लव मोहम्मद हो या कोई भी धार्मिक अभिव्यक्ति इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बगैर मजिस्ट्रेट की अनुमति के जुलूस निकालना, नई परंपरा शुरू करने पर सरकार कड़े कदम उठाएगी। हर शुक्रवार धार्मिक अभिव्यक्ति का मतलब हम सड़कों पर जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन करे, ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक शोभायात्रा या जुलूस यदि गलत दिशा में समाज को लेकर जा रहा है, तो निश्चित



**बरेली हिंसा के बाद मंत्री असीम की चेतावनी**

तौर पर सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी। गौरतलब है कि बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे।

# चरमपंथी लोगों से मिल रही राहुल गांधी को धमकी:कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा है कि चरमपंथी विच.ारधारा कमजोर पड़ रही है, इसलिए इस सोच के लोग अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो संद.ेश में कहा कि जब भी आरएसएस देश की सशक्त विचारधारा को हराने में विफल होती है तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक लहसा का सहारा लेना शुरू करते हैं। इसी विच.ारधारा का एक चरमपंथी नाथूराम गोडसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर देता है। अब, जब भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है, तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने



कहा कि गांधी देश के लाखों विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और साजिश के तहत उन लाखों गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और कमज़ोर वर्गों की आवाज़ दबाने की कोशिश चल रही है। देश के लाखों लोगों की आवाज को दबाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी भारत ने इस विच.ारधारा को हराया है, तो आरएसएस हिंसा पर उतर आता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों ने कई बार गांधी की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा है, लेकिन भाजपा प्रवक्ता खुले आम उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

### राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी के पीछे भाजपा: वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने खुलेआम टीवी डिबेट में राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी को भाजपा के खतरनाक इरादे का संकेत बताया है। उन्होंने कहा अपनी मां की कथित गाली पर रुदन करने वाले पीएम मोदी ने क्या अपनी पार्टी के प्रवक्ता की राहुल गांधी के छाती में गोली मारने की धमकी को नहीं सुना?

विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा दर असल यह केवल भाजपा प्रवक्ता की धमकी नहीं है, उसने वही कहा जो उसके स्वामी को पसंद है। उन्होंने कहा कि हैरत है कि अभी तक भाजपा ने अपने प्रवक्ता के शैतानी धमकी का संज्ञान तक नहीं लिया। उन्होंने कहा प्रतिउत्तर में कांग्रेस धमकी का जवाब धमकी से देना जरूरी नहीं समझती, लेकिन भाजपा यह समझ ले कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसे गुंडे मवालियों का जवाब उसी की भाषा में देने आता है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी धमकी केवल केरल के ही भाजपा प्रवक्ता ने नहीं दिया। टीवी डिबेट में भाजपा के लगभग सभी प्रवक्ताओं की जुबान ऐसी ही भाषा बोलती है। उन्होंने कहा कि देश और जनता भाजपा के नेताओं की भाषा ध्यान से सुन रही है।

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें: मुर्मू

### राष्ट्रपति ने अधिकारियों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निज्ठा के साथ कार्य कर समदृष्टता, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो। भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट की।राष्ट्रपति



ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में सांख्यिकी अधिकारियों के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके कार्य में विशेज्ञता का अधिक महत्व है, जिसका उपयोग दश की बढ़ती आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाता है। राष्ट्रपति ने भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीए) के अधिकारियों से कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के सच्चे इंजन हैं। यह आवश्यक है कि हमारे युवा उन्नत तकनीकी कौशल को अपनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी विशिष्ट कौशल प्रशासकों के रूप में सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



**सेंसेक्स** 81715.63
**निफ्टी** 25056.90



**सोना रु.** 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 143140
प्रति किलो




# लाल निशान पर बंद हुए प्रमुख सूचकांक

### शुरुआती बढ़त के साथ सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकिंग कंपनियों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक शुरुआती बढ़त के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 61.52 अंक (0.08 प्रतिशत) टूटकर 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 425 अंक चढ़कर 80,851 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में निजी बैंकों में बिकवाली के कारण लाल निशान में उतर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 19.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत नीचे 24,634.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों का 02 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें कारोबारी सत्र में टूटे हैं। एनएसई में ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी 100



सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक भी 0.29 प्रतिशत चढ़ा।

हालांकि छोटी कंपनियों में बिकवाली से स्मॉलकैप-100 में 0.07 फीसदी की गिरावट रही। निजी बैंकों, फार्मा, ऑटो, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में बिकवाली की जोर रहा। वहीं सार्वजनिक बैंकों, धातु, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में रहे। एक्सिस बैंक का शेयर 1.91 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.65, एलएंडटी का 1.17 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.01 प्रतिशत की गिरावट में रहा। भारती एयरटेल, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनी.लिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी टूटे। टाइटन में सबसे अधिक 2.30 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.58 प्रतिशत, इटरनल का 1.18, ट्रेंट का 1.08, बीईएल का 1.05 और एनटीपीसी का 1.02 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई शेयर बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 1.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### नवरात्र के सातवें दिन सोने में आया जमकर उछाल

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट खुलते ही सोना और चांदी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली। सुबह 9.17 बजे ही चांदी में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। 1 किलो चांदी में 1845 रुपये की बढ़ोतरी नजर आ रही है। वहीं सोने में सुबह 9.18 बजे 835 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। सुबह 9.27 बजे 10 ग्राम सोने का भाव 114547 रुपये चल रहा है। इसमें 759 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 143140 रुपये चल रही है। चांदी में इस समय 1251 रुपये प्रति किलो की तेजी देखने को मिल रही है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 115,170 रहा, जबकि जयपुर में 115,210 , लखनऊ में 115,260, भोपाल में 115,350 और चंडीगढ़ में 115,220 रुपये रहा। पटना में आज सोने की कीमत सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने का दाम 115,170 रुपये दर्ज किया गया है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 115,260 रुपये दर्ज किया गया है। अगर चांदी की बात करें तो पटना में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है। यहां 1 किलो चांदी की कीमत 142,780 रुपये दर्ज की गई है।

# आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरी खादी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई। शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है। योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है।

यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है। यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए। सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**क्रिकेट में....** को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। भारत ने ऐसा 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। भारतीय टीम को जब ट्रॉफी नहीं दी गई, तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साथी खिलाड़ियों के सामने खाली हाथ ही ऐसा जेस्चर बनाया मानो वे ट्रॉफी लेकर आ रहे हों। बाकी खिलाड़ियों ने भी इसे ही असली ट्रॉफी मानकर सेलिब्रेट किया। भारतीय खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के ही एशिया कप में जीत का जश्न मनाया। नकवी जैसे ही प्रेजेंटेशन स्टेज पर आए स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। इधर भारतीय टीम अवॉर्ड लेने नहीं गई, तो करीब एक घंटे तक स्टेज पर कन्फ्यूजन बना रहा। प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान, जब नकवी ट्रॉफी देने के लिए अड़े रहे, तब भारतीय खिलाड़ी ग्राउंड में मौज मस्ती करते नजर आए। पाकिस्तान टीम सेरेमनी के दौरान एक तरफ खड़ी रही। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से ट्रॉफी के बारे में सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेल रहा हूं, तब से पहली बार देखा कि चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अपने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ होना ही मेरे लिए ट्रॉफी है। मैच के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का आरोप लगाया। आगा ने कहा कि हमसे हाथ न मिलाकर वे हमारा अपमान नहीं कर रहे, वे क्रिकेट का अपमान कर रहे हैं। उनका व्यवहार बहुत ही गलत था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हमने फैसला किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्रॉफी नहीं लेगी। इसका मतलब ये नहीं कि नकवी भारत की ट्रॉफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। नवम्बर में आईसीसी की कॉन्फ्रेंस है। हम वहां नकवी की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताएंगे। उम्मीद है कि हमारी ट्रॉफी हमें जल्द मिल जाएगी।

**39 करोड़...** भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी। इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड का मिलान किया। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपये लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

# भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच एफटीए एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा: गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक अक्टूबर से लागू हो जायेगा। इसे पिछले वर्ष अंतिम रूप दिया गया था और अब भारत कई अन्य विकसित देशों के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ भारत ऐसे समझौते पहले ही कर चुका है तथा कई अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। गोयल ग्रेटर नोएडा के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित पांच दिन के

**केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने दी जानकारी**

उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ईएफटीए यूरोप के चार विकसित देशों का समूह है। जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समूह के साथ एफटीए को मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था। गोयल ने कहा कि ईएफटीए के साथ व्यापार समझौता एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बात.चीत चल रही है। कतर और बहरीन ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते के बातचीत में रुचि दिखाई है। यूरेशिया आर्थिक संघ (ईएईयू) के साथ बातचीत के संदर्भों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति को दर्शाता है। इस संघ में रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ईएफटीए के साथ समझौते में 14 अध्याय हैं। भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर था। श्री गोयल ने आंतरिक और वाह्य क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत 2014 में एक नाज़ुक अर्थव्यवस्था से उबर कर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्षों में यह पांच लाख डॉलर के आकार के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पेपर लीक प्रकरण की होगी सीबीआई जांच

## युवाओं के बीच पहुंचे सीएम धामी, परीक्षा प्रकरण में सीबीआई जांच की संस्तुति

**युवाओं के मन में किसी भी तरह का संदेह, शंका नहीं रखना चाहती है सरकार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण की अब सीबीआई जांच होगी सरकार ने संस्कृति कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परेड ग्राउंड में आंदोलन कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की गत सप्ताह आयोजित परीक्षा प्रकरण की सीबीआई जांच कराने पर सहमति दे दी है।

सोमवार दोपहर बाद सीएम धामी अचानक, परेड ग्राउंड में आंदोलनरत युवाओं के बीच पहुंच गए। यहां सीएम ने युवाओं का पक्ष सुनने के बाद कहा कि युवा इस त्योहारी सीजन में इतनी गर्मी के बीच आंदोलन कर रहे हैं, इससे खुद उन्हें भी अच्छा नहीं लग रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का एक ही संकल्प है कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। विगत चार साल में सरकार ने इसी संकल्प के अनुसार काम किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि वो जानते हैं कि उत्तराखंड के युवा और छात्र पढ़ाई के बाद सरकारी नौकरी के लिए तैयारी करते हैं। इसी आधार पर उनके पास जीवन के लिए खूबसूरत सपने होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद ऐसी परिस्थितियों को देखा है, छात्रों और युवाओं के बीच काम करते हुए, इसका अनुभव लिया है।

युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि विगत दिनों सामने आए प्रकरण की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में एसआईटी द्वारा की जा रही है। कमेटी ने काम भी शुरु किया है, लेकिन फिर भी युवा सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, इस कारण सरकार इस मामले में सीबीआई जांच की संस्तुति करेगी। इसमें कोई रुकावट नहीं आएगी।

### मैं भी आया हूं धरना स्थल परः धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वो चाहते तो ये बातचीत कार्यालय में भी हो सकती थी, लेकिन युवाओं के कष्ट को देखते हुए, उन्होंने खुद धरना स्थल पर आने का निर्णय लिया है, वो पूरी तरह युवाओं के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले चार साल में पारदर्शी तरीके से 25 हजार से अधिक सरकारी भर्तियां की है, इमसें कहीं कोई शिकायत नहीं आई है। सिर्फ एक प्रकरण में यह शिकायत आई है, इसलिए युवाओं के मन से हर तरह की शंका को मिटाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबदघ्ध है। सीएम धामी ने कहा कि विगत सप्ताह भी जब युवा उनसे मिले थे तो उन्होंने तब ही स्पष्ट कर दिया था कि सरकार चाहती है कि युवाओं के मन में कोई अविश्वास, संदेह या शंका न रहे। इसलिए वो बिना किसी को बताए सीधे यहां परेड ग्राउंड में चले आए हैं।

### कहा-मुकदमे वापस होंगे

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आंदोलन के दौरान यदि युवाओं पर कहीं कोई मुकदमें दर्ज हुए हैँ तो उन्हें वापस लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतकाल के विकसित भारत में उत्तराखंड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बने, इसमें युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## छात्रों के मसले में कांग्रेस असहज, युवाओं के हित में फैसले से चिंतितः चौहान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि नकल प्रकरण मे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं के भविष्य और इच्छाओं का सम्मान करते हुए एक सर्व स्वीकार्य निर्णय लिया,लेकिन कांग्रेस इस निर्णय से असहज है। कांग्रेस आंदोलन मे युवाओं के संघर्ष पर डोरे डालने की कोशिश कर रही है।

सरकार के सीबीआई जांच की घोषणा पर कांग्रेस के असंतोष को हास्यास्पद बताते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के आंदोलन मे राजनीति की कोशिश कर रही कांग्रेस की सभी कोशिशें असफल ही साबित हुई। उन्होंने कहा कि सीएम धामी स्पष्ट रूप से युवाओं कि इच्छा का सम्मान करते हुए और हर आशंका को निर्मूल करते हुए सीबीआई जांच की संस्तुति की है। युवाओं के मुकदमे वापस लेने तथा परीक्षा स्थगित करने मे एसआईटी की रिपोर्ट पर निर्णय की बात कही है।

चौहान ने कहा कि कठोर नकल विरोधी कानून के अस्तित्व मे आने के बाद प्रदेश मे 25 हजार बेरोजगारों को नियूक्ति मिली। उन्होंने कहा कि अगर, किसी भर्ती परीक्षा को लेकर आशंका है तो सरकार ने इस गुंजाइश को समाप्त किया है। चौहान ने कहा कि सीएम धामी के इस निर्णय से प्रदेश भर के युवाओं मे उत्साह है। उन्होंने कहा कि आंदोलनरत बेरोजगार छात्रों ने भी सीएम के धरना स्थल पर आने और निर्णय को सराहा है। सीएम धामी ने ही नकल की प्रवृत्ति पर चाबुक चलाया, नही तो कांग्रेसी सरकारों मे नौकरी बेचने का चलन आम था। हालांकि कांग्रेस आज उपदेशक की भूमिका मे अधिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सीएम आवास कूच महज नौटंकी है। जिन मुद्दों को वह कूच का आधार बता रही है उन पर बेरोजगारों से वार्ता के दौरान निर्णय हो चुका है।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का छात्रों के आंदोलन पर भावपूर्ण संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अलग राज्य का सपना हमारे शहीदों और आंदोलनकारियों ने इसलिए साकार किया था ताकि उत्तराखंड के हर बेटे-बेटी का जीवन बेहतर हो, किसी का अहित न हो।

आज जब हमारे कुछ बच्चे सड़कों पर हैं, तो मैं उन्हें यही कहना चाहता हूँ कि वे भी हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। प्रदेश का 'मुख्य सेवक' होने के नाते, हर आवाज को सुनना, हर पीड़ा को समझना और हर दिल तक पहुँचना मेरा दायित्व है। आंदोलन कर रहे युवा भी हमारे अपने हैं।



इसलिए हमारी सरकार वर्ष 2023 में देश का सबसे पहला सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आई, पर जैसा हमेशा होता रहा है, कुछ लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, ऐसे हाकमो और उनके हाकिमों को हम इस बार ऐसा सबक सिखाएंगे कि ऐसे लोग कभी भूल नहीं पाएंगे।

पर मैं अपने छात्रों को बता देना चाहता हूं कि किसी के साथ भेदभाव या मनभेद की भावना हमारे मन में कभी नहीं रही। हम सब एक परिवार हैं और परिवार का उद्देश्य परिवार के सभी सदस्यों का कल्याण होता है। मैं, सभी से आग्रह करता हूँ कि संवाद और विश्वास की राह पर आगे बढ़ें। हम मिलकर उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ष्विकल्प रहित संकल्पष्को मिलकर पूर्ण करेंगे।

## सीएम ने सीबीआई जांच की मांग को स्वीकारा, आभारः डॉ. बंसल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने देहरादून समेत उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर आंदोलित छात्रों का संज्ञान लेते हुए इस बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर यूकेएसएसएससी परीक्षा में एक परीक्षा केंद्र की घटना के संदर्भ मे आंदोलन कर रहे छात्रों की सीबीआई की जांच की मांग का समर्थन किया व मुख्यमंत्री से इस पर तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया।



डा. नरेश बंसल ने कहा कि यूकेएसएसएससी परीक्षा में एक परीक्षा केंद्र की घटना हुई। प्रथम दृष्टया नकल का मामला लगता है, सारे प्रयास जिस प्रकार से उसमें हुए हैं। लेकिन उसको लेकर युवाओं में आक्रोश है और इस समय उत्तराखण्ड राज्य भी एक युवा राज्य के रूप में खडा है 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं।डा. नरेश बंसल ने कहा कि युवाओं के सामने सपने हैं, मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार ने युवाओं के सपने पूरे किये हैं। युवाओं को 25 हजार नौकरियां बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी पेपर लीक के दी गई हैं। देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया गया है। ऐसे मामलों में 200 लोगों को जेल में डाला गया है। लेकिन फिर भी कानून के होते हुए भी जो अपराध करने का प्रयास किया गया है, उस पर सब खंगाला जा रहा है। पकड़े गए आरोपी खालिद के के सारे रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं, निश्चित रूप से सजा मिलेगी। डा. नरेश बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री का वक्तव्य भी है कि युवाओं के सपनों को धूमिल करने वालों को मिट्टी में मिला दिया जायेगा। युवाओं के साथ पूरी तरह से सरकार खड़ी है। युवाओं की जो मांग है, इसकी सीबीआई जांच करायी जाए। हालांकि मुख्यमंत्री ने तुरन्त एसआईटी गठित की है जो हाईकोर्ट को रिटायर्ड न्यायाधीश की निगरानी में जांच कर रही है। उससे भी दूध का दूध पानी का पानी होगा।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि लेकिन आक्रोश में छात्रों की ये मांग है कि, सीबीआई जांच हो तो, मैंने भी मुख्यमंत्री से ये आग्रह किया है कि छात्र संतुष्ट होने चाहिएं। आंदोलन उनका समाप्त होना चाहिए, उनकी जो वाजिब मांगे हैं, उन पर विचार होना चाहिए और सीबीआई जांच से संतुष्ट होते हों तो सीबीआई जांच करने की संस्तुति करने में भी कोई हर्ज नहीं है। डा. नरेश बंसल ने उनको दिए आश्वा. सन पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई पर हर्ष जताया है।डा. नरेश बंसल ने कहा कि सुबह ही उन्होने मुख्यमंत्री से इस संदर्भ मे निवेदन किया था।

## सीबीआई जांच का स्वागत, सभी शंकाओं के निवारण के लिए जरूरीः भट्ट

### सीबीआई जांच आग्रह पत्र के साथ भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की थी मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने परीक्षा नकल प्रकरण की सीबीआई जांच का स्वागत करते हुए, इसे युवाओं की भावनाओं का सम्मान बताया है। इससे पूर्व पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मिलकर केंदीय एजेंसी से जांच की संतुति का आग्रह किया।

**भट्ट ने मुख्यमंत्री के आह्वान के बाद युवाओं के धरने की समाप्ति पर जताया संतोष**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री की सीबीआई जांच की घोषणा का प्रदेशाध्यक्ष ने स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र, छात्राएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे, उन सबकी चिंताओं को लेकर भी पार्टी बेहद संवेदनशील और गंभीर थी। राज्य के सभी युवा हमारे ही परिवारों का हिस्सा हैं, लिहाजा पार्टी का स्पष्ट मानना है कि यदि एक भी युवा के मन में शंका है तो उसका निवारण होना आवश्यक है। इसी तरह, विगत 3 वर्षों में नकल निरोधक कानून के संरक्षण में भर्ती प्रक्रिया को लेकर जो विश्वास पैदा हुआ है, उसको कायम रखना भी जरूरी था।

वहीं प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी इस निर्णय में सरकार के साथ है और युवाओं की शंका दूर करने के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि प्रदेशाध्यक्ष की सहमति से राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं राजपुर विधायक खजान दास ने संगठन की तरफ से यूकेएसएसएससी नकल मामले में सीबीआई जांच के लिए मुख्यमंत्री को आग्रह पत्र सौंपा है। जिसमें अनुरोध किया गया कि विगत 3 वर्षों से नकल निरोधक कानून के दृष्टिगत हमारी सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से आयोजित कराने में सफल हुई है। राज्य मे युवा और अन्य वर्ग द्वारा नकल माफिया को सलाखों के पीछे भेजने और पारदर्शी परीक्षा के लिए आपके साहसिक निर्णय को अत्यधिक सराहा गया। लेकिन हाल में संपन्न उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा में नकल का एक प्रकरण सामने आने के बाद छात्रों के एक वर्ग में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। हालांकि आपके द्वारा संज्ञान में आते ही इस प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी और सेवानिवृत न्यायधीश की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गयी है।

## सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरना

**श्रीनगर।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच कराने और परीक्षा दोबारा आयोजित करने की मांग को लेकर देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा ने सोमवार को कीर्तिनगर तहसील में प्रदर्शन किया। मोर्चा के देवप्रयाग प्रभारी कुलदीप राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय कीर्तिनगर पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मौके पर समाजसेवी गणेश भट्ट ने कहा कि चाहे भाजपा की सरकार रही हो या कांग्रेस की, दोनों ही सरकारों ने उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है।

## पर्यटन के आधुनिक स्वरूप पर कार्य करने की जरूरतः वीसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के ओर से पर्यटन दिवस के अवसर पर जिम्मेदार पर्यटन के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले पर्यटन उद्यमियों सहित अभिनव प्रयास करने ट्रैवल प्रेरकों को सैर सलीका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने पर्यटन के आधुनिक स्वरूप पर जिम्मेदारी और उचित नियोजन के लिए कार्य करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों के रचनात्मक क्रियाकलापों रंगोली, पेंटिंग, फूड फेस्ट आयोजनों की सराहना की।

कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने जिम्मेदार पर्यटन के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले पर्यटन उद्यमियों सहित अभिनव प्रयास करने ट्रैवल प्रेरकों को सैर सलीका पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के निद. ेशक प्रो. राकेश ड्योढी ने विश्व पर्यटन दिवस की थीम पर विस्तार से अपना व्याख्यान के साथ विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग द्वारा सैर सलीका अभियान वर्ष 2016 से पूरे देश के पर्यटन स्थलों पर शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाई, परिसर निदेशक प्रो. आरएस नेगी, प्रो. मोहन पंवार, प्रो. एमएम सेमवाल, गणेश खुगशाल, मुख्य नियंता प्रो. एमसी सती, प्रो. महेंद्र बाबू, प्रो. वाईएस फर्त्याल, डॉ. राहुल बहुगुणा, डॉ. अनुराग गोयल, डॉ. मीणा सहित आदि मौजूद थे।

## इन्हें मिला सैर सलीका पुरस्कार

**श्रीनगर।** पौड़ी के सांगुड़ा ग्राम स्थित मोती बाग रैवासा होम स्टे को जैविक पर्यटन के साथ लोक कला संस्कृति के लिए उल्लेखनीय योगदान, साइकिलिंग के माध्यम से प्रकृति, संस्कृति और सौंदर्य के लिए पर्यटन करने के साथ पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक जलस्रोतों पर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पहाड़ी पैडलर्स समूह को, राष्ट्रीय सेवा योजना गढ़वाल मंडल को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से पर्यटन स्थलों और विरासत स्थलों पर स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने के योगदान के लिए राकेश सिंह सजवान को उनके द्वारा अपनी यात्राओं,अभियानों में जिम्मेदार पर्यटन के प्रचार प्रसार और जनजागरुकता अभियानों के योगदान के लिए सैर सलीका अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## पुष्पेन्द्र त्यागी साहित्य साधना सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रचना धर्मिता बंधुत्व की ओर से हरबर्टपुर के एक फार्म हाउस में क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पेन्द्र त्यागी के सम्मान में एक साहित्यिक सम्मान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने त्यागी के साहित्यिक योगदान और सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पेन्द्र कुमार त्यागी, डॉ0 अजय वर्मा, सोनाली वर्मा, अतुल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। राजीव बडोनी के द्वारा मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। जिसके बाद संस्था के सदस्यों ने पुष्पेन्द्र त्यागी को साहित्य साधना सम्मान से अलंकृत किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भी भेंट किया गया। इस अवसर पर सुधांशु कांडपाल, अतुल शर्मा, डॉ0 अजय वर्मा, सोनाली वर्मा, अनिल कांडपाल, राजीव बडोनी, जीनत आदि मौजूद रहे।

## वृक्ष हैं हमारे जीवन का आधारः जोशी

**सेवा पर्व के तहत कैबिनेट मंत्री ने वृक्षा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सेवा पर्व के अंतर्गत वन विभाग द्वारा संतला देवी मार्ग स्थित झाड़ीवाला में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी अहम भूमिका है। मंत्री जोशी ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जो पौधे लगाए जाएं, उनके जीवित रहने के लिए भी कार्य करना आवश्यक है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने वन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियाँ विकसित करने और इनोवेटिव कार्य करने के निर्देश दिए। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में देशहित और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं, जिनका लाभ हर वर्ग तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा पर्व इन्हीं कार्यों को समर्पित है और जनता की सेवा के संकल्प को सशक्त बनाता है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने क्षेत्रवासियों की समस्या भी सुनी और शीघ्र ही समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोविंद सिंह पुंडीर, प्रधान हरिकला पुन, डीएफओ नीरज कुमार, रेंजर रुचि चौहान, नैन सिंह पंवार, प्रेम सिंह पंवार, कंचन रावत सहित वन विभाग के अधिकरणकरण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रास्तों को क्षतिग्रस्त करने पर जल संस्थान के खिलाफ पार्षद ने दिया सात दिन का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड संख्या 05 श्रीकोट गंगानाली के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के उपरांत क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत एवं नव निर्मित टैंक का ओवर फ्लो पानी का समाधान न किए जाने पर पार्षद ने आक्रोश व्यक्त किया है।

इस संबंध में सोमवार को वार्ड संख्या 05 श्रीकोट गंगानाली की पार्षद पूजा बर्तवाल ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि बस अस्पताल श्रीकोट की जल आपूर्ति के लिए आपके संस्थान एवं संबंधित ठेकेदार द्वारा बिना नगर निगम की अनुमति के वार्ड के रास्तों को पाइप लाइन के लिए खोदकर छोड़ दिया है। रास्ते पूरे तरह से क्षतिग्रस्त हो गये है। जिससे स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि बिना अनुमति के निजी आवासों के आगे पुश्ते खोद दिए गए हैं। जिससे भवनों को खतरा उत्पन्न हो गया है। कहा कि बीते 18 मई जल संस्थान के अधिकारियों मामले को लेकर सूचित किया गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर जल संस्थान के अधिकारियों ने लिखित रूप से निर्माण कार्य के बाद क्षतिग्रस्त रास्तों को ठीक करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। साथ ही नव निर्मित टैंक का ओवर फ्लो पानी का प्रवाह गधेरे कि तरफ न कर के आवासीय भवनों के पीछे किया गया है जिससे वह पानी खेतों व घरों में अंदर तक पहुँच रहा है। कहा कि यदि सात दिनों के भीतर क्षतिग्रस्त हुए रास्तों का कार्य और ओवर फ्लो पानी का समाधान नहीं किए गया तो वह जल संस्थान कार्यालय में धरने प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगी।

## दुर्गा अष्टमी एवं नवमी की मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्गा अष्टमी एवं नवमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गा अष्टमी एवं नवमी शक्ति की उपासना का पर्व है। जो मातृ शक्ति के रूप में इस जगत में व्याप्त है। यह पर्व महिला सशक्तिकरण के प्रति भी हमारा ध्यान आकर्षित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों का सीजन शुरू होने जा रहा है, हम सबका दायित्व बनता है कि सभी त्यौहार भाई चारे के साथ मनाएं जाएं। मुख्यमंत्री प्रद. ेशवासियों को आगामी सभी त्योहारों की बधाई दी।

## गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को शीतकाल के लिए होंगे बंद

### शरादीय नवरात्र पर निकाला मंदिर समिति ने मुहूर्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध चारधाम में शुमार गंगोत्री धाम के कपाट आगामी 22 को अन्नकूट पर्व पर बंद हो जायेंगे। अन्नकूट पर्व पर प्रातः 11:36 मिनट अभिजीत मुहूर्त पर विधि विधान के साथ गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिये जायेंगे। इसके बाद गंगा जी की भोग मूर्ति को डोली यात्रा के साथ मुखबा के लिए रवाना होगी।

शरादीय नवरात्र के मौके पर श्री गंगोत्री पंच मंदिर समिति के सचिव ने सुरेश सेमवाल ने बताया कि कपाट बंद के बाद मां गंगा की डोली गंगोत्री से अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा के लिए रवाना होगी। उस दिन गंगा जी की उत्सव डोली चंडी देवी मंदिर में रात्रि प्रवास करेगी। जबकि, अगले दिन यानी 23 अक्टूबर को मां गंगा की मूर्ति मुखबा स्थित मंदिर में विराजमान होगी। शरादीय नवरात्र के बाद उत्तराखंड के चार धाम गंगोत्री - यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में से की विदाई की तैयारियां शुरू होने लगी है। उधर यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने का मूर्हत दो अक्टूबर को विजय दशमी के मौके पर निकाला जायेगा।



बता दें कि यमुनोत्री धाम में कपाट बंद करने की परंपरा भैया दूज पर है। इस बार भैया दूज 23 अक्टूबर को है। मूहर्त निकलने के बाद यमुना की डोली लेने के लिए खरसाली गांव से शनि महाराज की डोली यमुनोत्री पहुंचेगी। जिसके बाद शनि महाराज के नेतृत्व में मां यमुना की डोली खरसाली पहुंचेगी। कपाट बंद होने तक खरसाली में स्थित यमुना मंदिर में मां यमुना के दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे।

# डॉक्टरों का गुस्सा सातवें आसमान पर

## सीएमएस, बालरोग विशेषज्ञ के खिलाफ कार्वाई पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में तैनात सीएमएस समेत बाल रोग विशेषज्ञ और अन्य स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के विरोध में जिले के चिकित्सकों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। नाराज चिकित्सकों ने एक बार फिर कार्यबाही वापस लेने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार निर्णय वापस नहीं लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सोमवार को प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ जिला इकाई के बैनर तले चिकित्सक जिला अस्पताल में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि बाल रोग विशेषज्ञ डा. अंकित कुमार को अनकूल प्रविष्टि दी गई है। साथ ही सीएमएस डा. तपन शर्मा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। साथ ही अन्य स्टाफ के खिलाफ भी कार्यवाही हुई है। जबकि अस्पताल में तैनात डाक्टरों का कोई दोष नहीं था। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में सरकार को पांच दिन पहले ओपीडी का बहिष्कार कर चेतावनी दे चुके हैं। उसके बावजूद सरकार व प्रशासन के कानों तले जूं नहीं रेंग रहे हैं। आर पार की लड़ाई के लिए तैयार चिकित्सकों ने अब अनिश्चितकाल के लिए कार्यबहिष्कार कर दिया है। जिला अस्पताल में पूर्व हुए एक प्रकरण को लेकर उठा विवाद जिले व जिले से लगे अन्य जिलों से आने वाले मरीजों को इसका दंश झेलना पड़ रहा है। डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने से सोमवार को दूर दूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को बिना उपचार करवाए घर लौटना पड़ा। जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर बैडा मझेड़ा से आई महिला मरीज मीना देवी उतनी रोहित कुमार ने अपना दर्द बया करते हुए कहा कि वह घर में अपना सारा काम काज छोड़कर उपचार करवाने आई थी। पति मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। एक बार बागेश्वर जिला मुख्यालय आने में एक हजार रुपए खर्च होते हैं। लेकिन यहां आकर उपचार नहीं हो पाया। उनके पांव चोट लग गई थी। इसी प्रकार कई मरीज भटकते रहे।



# गैरसैंण की उपेक्षा पहाड़ की उपेक्षा: कुंजवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने गैरसैंण की उपेक्षा कर पहाड़ की उपेक्षा की है। सोमवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि राज्य के कई विभागों के हाल यूपी के समय से भी ज्यादा खराब हो गए हैं। राज्य की शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कहा कि राज्य के ज्यादातर सरकारी विद्यालयों में नियमित प्रधानाचार्यों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिससे विद्यालय के कर्मचारियों की वेतन बिल को पास कराने के लिए दूसरे ब्लॉकों में जाना पड़ रहा है। शिक्षकों के भी सैकड़ों पद खाली है, जिससे बच्चों का पठन-पाठन सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। वहीं, प्राइमरी और जूनियर स्कूलों की स्थिति और ज्यादा खराब है। जिससे ज्यादातर अभिभावकों अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में पढ़ाने को मजबूर है। कहा कि 25 साल बाद भी सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को ठीक नहीं कर पाई। नतीजतन पहाड़ से पलायन हुआ और कई गांव खाली हो गए। कहा कि सरकार को पहाड़ से हो रहे पलायन को रोकने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए। अगर स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्था ठीक हो तो पलायन रुकेगा। वहीं, उन्होंने कहा कि नियमों को ताक में रखकर विभागीय बजट का दुरुप्रयोग किया जा रहा है। सरकारी बजट का खर्च नियमानुसार नहीं किया जा रहा है, विभाग के लोग राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने के लिए सारे नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं।



## एक नजर

### सेवा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क शिविर

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए है। सोमवार को थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत थाने में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी के चिकित्कीय टीम द्वारा थाने में मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों व आगंतुकों का स्वास्थ्य चेकअप कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम द्वारा जवानों को व्यस्त दिनचर्या में अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए, जो पुलिस बल के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

### हनुमान-रावण संवाद ने खूब बटोरी तालियां

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन जारी है। रविवार को सातवें दिन की रामलीला में राम विलाप से लेकर हनुमान जागर तक की लीला मंचन किया। नगर के विभिन्न स्थानों पर रामलीला में हनुमान राम मिलन, राम मिलन, बाली-सुग्रीव संवाद, लंका दहन आदि का मंचन किया गया। अशोक वाटिका में हनुमान-सीता संवाद आदि आयोजन किया गया। इधर, नंदादेवी में सप्तम दिवस की रामलीला में जटायु उद्धार, राम-लक्ष्मण द्वारा सीता की खोज, कबंध उद्धार, शबरी प्रसंग, राम -हनुमान मिलन, किष्किन्धा प्रसंग, राम-सुग्रीव मैत्री, बाली वध, हनुमान-रावण के संवाद व अभिनय मुख्य आकर्षण रहे। यहां रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, आनंद सिंह बगड़वाल, जिपं सदस्य प्रेम सिंह लटवाल ने संयुक्त रूप से प्रभु राम के चित्र पर दीप जलाकर किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप मेर, सचिव अर्जुन सिंह बिष्ट, परितोष जोशी, मनोज वर्मा, हनी वर्मा, महेंद्र बिष्ट मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने की कालरात्रि की पूजा-अर्चना

**अल्मोड़ा।** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को भक्तों ने माता कालरात्रि का पूजन किया। भक्तों ने सुबह घरों में पूजन के बाद मंदिरों में माता रानी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। नौ दिन का व्रत रखने वाले भक्त पूरी तरह से मां की आराधना में लीन हैं। शारदीय नवरात्रि में भक्त देवी मां की भक्ति में डूबे हैं। देवी मां के भक्तों ने देवी मां के सांवते स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना की। इस दौरान नगर के नंदादेवी, उल्का देवी मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, बन देवी मंदिर, बानड़देवी, स्याहीदेवी, कसारद. ेवी आदि मंदिरों में माता के दर्शन कर सुख शांति की कामना की। उधर, कसारदेवी में भी में भारी संख्या में भक्तों ने माथा टेका। नगर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही। पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने विभिन्न अनुष्ठान भी कराए।

### पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने की मांग

**अल्मोड़ा।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पर सरकार की कठपुतली हो गई है। उन्होंने पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कांग्रेस पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद टम्टा ने कहा कि नकल विरोधी कानून के नाम पर वाहवाही बटोरने वाली सरकार की पोल खुल गई है। सरकार एसआईटी का गठन कर नकल माफिया को बचाने का षड्यंत्र रच रही है, जिसे किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा को निरस्त कर दोबारा कराने, मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई। कहा कि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। यहां प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, विधायक मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, भैरव गोस्वामी, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### पंतनगर के कैडेटों ने किया कमाल

**पंतनगर।** उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले यूके एयर स्क्वाड्रन, पंतनगर के अंडर-1 गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कैडेटों ने 18 से 29 सितंबर 2025 तक बेंगलुरु वायु सेना स्टेशन में आयोजित अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर में छठी रैंक हासिल की है। यह प्रदर्शन पिछले वर्ष की 14वीं रैंक की तुलना में एक महत्वपूर्ण उन्नति है। फ्लाइंग ऑफिसर डा. अजीत प्रताप सिंह, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी एवं मृदा विज्ञान के प्राध्यापक ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सफलता में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के निरंतर समर्थन और प्रेरणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना ने सभी कैडेटों और उनके साथ आए अधिकारियों को बधाई दी।

### छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई

**कालाढूंगी।** सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में पहुंचकर छात्र छात्राओं सहित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्र छात्राओं को रीसाइकिल पिन के बारे जानकारी दी वही गीले व सूखे कूड़े के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा शीघ्र ही नगर में एक ऐसा सेंटर खोला जाएगा जिसमें नगर के लोग अपने घर में पड़े ऐसे सामान को दान कर सकता है जिनका उपयोग नहीं हो रहा हो। इस दौरान उन्होंने कालाढूंगी नगर पालिका परिषद को स्वच्छता में प्रदेश नहीं देश की नंबर एक नगर पालिका बनाने का संकल्प लेते हुए सभी को स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अभिनय कुमार सहित विद्यालय व स्फाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेलों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड ताकुला में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। सोमेश्वर के मां उत्तराखंड स्टेडियम में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद समेत अन्य खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने के साथ ही अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री आर्या ने कहा कि खेल का मैदान जीवन की असली पाठशाला है। जो युवा अनुशासन और परिश्रम के साथ मैदान में उतरते हैं, वे केवल पदक ही नहीं जीतते, बल्कि हजारों-लाखों लोगों के लिए आदर्श भी बनते हैं। आने वाले समय में यही खिलाड़ी उत्तराखंड का गौरव बढ़ाएंगे।

कहा कि सरकार खिलाड़ियों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है। अगर खिलाड़ी मेहनत करेंगे तो खेल ही आपके लिए करियर का नया रास्ता खोलेगा। प्रदेश सरकार आपके सपनों को पूरा करने के लिए आपके साथ खड़ी है। यहां जिपं सदस्य भुवन जोशी, मंडल अध्यक्ष सुंदर राणा, ज्येष्ठ प्रमुख राजेंद्र कैड़ा, संतोष कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी हरीश रौतेला, विनोद मेहरा, कृष्णा भंडारी, भरत भाकुनी, भूपाल मेहरा, शंकर बिष्ट, पंकज जोशी, कमल गिरी आदि मौजूद रहे।



# कपकोट में सहकारिता सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट के शामा में शिखर स्वायत्त सहकारिता द्वारा आयोजित सहकारिता के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने दीप प्रज्वलित का सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के काश्तकारों द्वारा स्वरोजगार के तहत अपनी आजीविका बढ़ाने वाले किसानों की प्रशंसा की। साथ ही अन्य काश्तकारों को भी आगे आकर स्वरोजगार के माध्यम से जुड़ने की अपील की। यहां आयोजित वार्षिक सम्मेलन में विधायक गढ़िया ने कहा कि सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व में सहकारिता के माध्यम से स्वरोजगार के क्षेत्र में स्थानीय काश्तकारों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सहकारिता के माध्यम से काश्तकार अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता ने काश्तकारों के मनोबल को मजबूत किया है। उन्होंने अन्य ग्रामीणों से भी स्वरोजगार के लिए आगे आने की अपील की। इस क्रम में सहकारिता के कर्मचारियों ने साला भर का आकलन ग्रामीणों के सम्मुख रखा। कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार कर समाज के लिए एक उदाहरण पेश कर रहे है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा, खंड विकास अधिकारी पी एस लो. हनी , कीवी मैन भवान सिंह कोरंगा, जिला पंचायत सदस्य शामा विजया कोरंगा, ग्राम प्रधान शामा प्रेमा देवी, ग्राम प्रधान नान पन्याली गोपाल सिंह, ग्राम प्रधान लीती मीना देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य कलावती, ग्राम प्रधान रमाडी निर्मला देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य गोगिना पुष्पा देवी सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# दुर्घटना का कारण बन रहा पेड़ कटवाने की मांग

**काशीपुर।** गिरीताल से सटी दुर्गा कालोनी से रामनगर रोड पर एसआरएफ फैक्ट्री तक जाने वाली नई सड़क पर खड़ा एक पेड़ दुर्घटना का कारण बन रहा है। विगत दिवस इस पेड़ से एक कार टकरा गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लेकिन भविष्य में यहां किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि सड़क का बेहत. रीन निर्माण होने से इस पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। सुबह-शाम वॉक करने भी काफी लोग इस सड़क पर नजर आते हैं। इनकी मांग है कि इस सड़क पर जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगने चाहिएं, ताकि दुर्घटना से बचाव जा सके।

# क्वांटम युग की संभावनाओं व चुनौतियों पर विचार रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले के विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और समग्र शिक्षा उत्तराखंड के तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया और क्वांटम युग की संभावनाओं और चुनौतियों पर अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान योगेश जोशी, कक्षा 10, विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडलसेरा, द्वितीय स्थान हर्षित गुरुरानी, कक्षा 10 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंत कोराली तृतीय स्थान ज्योति मेहता, कक्षा 9 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनरसा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में नीरज जोशी, संगम शाह, नारायण राम रहे। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने विज. ेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तीनों विकास खंडों से चयनित बाल वैज्ञानिक भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समझ विकसित करना है। विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन विकास खंड स्तर, जनपद स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता ह।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया शोक व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** कुछ दिन पूर्व सड़क पार करने के दौरान बरा निवासी शंकर राय पुत्र सुधीर राय (50) की आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी जिसकी सूचना पर सोमवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनके घर बरा पहुंचकर शोक सवेदना व्यक्त की और परिवार को ढांढस बंधाया और शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर हर संभवत: मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल बरा मण्डल अध्यक्ष सत्यवान महामंत्री बहादुर मेहता (आकाश मेहता), राम सिंह गिल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रतन लाल गंगवार, कुंदन दानू, गुरविंदर सिंह, अतिन्दर भूल्लर, अहमद हुसैन, चंद्रपाल गंगवार, सेवा राम, नईम खान, बाज़ सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कुमायूं वैश्य महासभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष मनोहर गुप्ता, संरक्षक एसपी गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल समेत अतिथियों ने कुल देवी मां लक्ष्मी तथा वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन के प्रतीकमय रुप पर माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर किया गया। शोभायात्रा में महिषासुर मर्दनी, लव कुश, आपरेशन सिंदूर, कृष्ण अर्जुन उपदेश, कुल देवी लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन की झांकी समेत दर्जन भर से अधिक झांकियां और देवी देवताओं के अखाड़े डीजे बैंड आदि के साथ शामिल रहे। शोभायात्रा मौ किला से शुरू होकर मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई। इस अवसर उद्यमी देवेन्द्र अग्रवाल,कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट, डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. बीएम गोयल, डॉ. भारत भूषण गुप्ता, प्रियांशु बंसल, जेपी अग्रवाल, विनय जैन, शेष कुमार सितारा, एसके अग्रवाल, एमपी गुप्ता, केसी बंसल, कौशलेश गुप्ता, डॉ. ईश्वर पैगिया, आंनद रस्तोगी एडवोकेट, डॉ संजीव गुप्ता, अभिषेक गोयल, प्रीति अग्रवाल, मंजू गुप्ता, पूजा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, रितु अग्रवाल, सुरभि बंसल, साक्षी बिंदल, मान्या अग्रवाल समेत सैकड़ों की संख्या में वैश्य बन्धु मौजूद रहे।

### किसानों की फसल बर्बाद कर रहे जंगली जानवर

**बागेश्वर।** जिले के ग्राम सभा सात में इन दिनों जंगली सुअरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। खेतों में खड़ी फसलें सुअर बर्बाद कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, पर अब तक ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इस समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य नवीन परिहार ने प्रभागीय वनाधिकारी को पत्र लिखकर त्वरित समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि जंगली सुअरों के झुंड दिन-रात गांवों में घुसकर खेतों की फसलें चौपट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मक्का, धान, मंडुवा, झंगोरा, गड़ेरी और सब्जियों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। परिहार ने बताया कि किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

# स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार: बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित सेवा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पखवाड़े के तहत यहां राजकीय चिकित्सालय में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार और स्वस्थ परिवार से स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण होता है। यदि नारी स्वस्थ है तो समाज और राष्ट्र भी स्वस्थ बनते हैं।

अत: समाज की जिम्मेदारी बनती है कि वह नारी के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह जगरूप रहे। शिविर में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुषों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और नि:शुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर न केवल आमजन को जरूरी चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध कराते हैं, बल्कि ज़रूरतमंद परिवारों को राहत और संबल भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. के के अग्रवाल, एसीएमओ डॉ. डीपी सिंह, सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमर जीत सिंह साहनी, डॉ. गीतांज. लि, डॉ. वरुण भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और आमजन मौजूद रहे। महापौर दीपक बाली ने सभी चिकित्सकों और सहयोगी टीम के सेवा-भाव की सराहना करते हुए आयोजकों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।



# हीरो शोरूम में हुआ छात्रसंघ अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित हीरो शोरूम पर राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जतिन शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर शोरूम स्वामी अर्पित मेहरोत्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को जीत की बधाई दी और कहा कि जतिन की जीत से कांग्रेस पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और उन तत्वों को जवाब मिला है, जो कहते नहीं रखते थे कि कांग्रेस का काशीपुर में कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जतिन की जीत से काशीपुर में कांग्रेस के रास्ते खुले हैं, इन वाला वक्त खुद इसकी गवाही देगा। वहीं, जतिन के मामा विनोद शर्मा होंडा ने कहा कि जतिन की जीत पूरे काशीपुर की जीत है। इस जीत से सभी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जतिन के नेतृत्व में छात्रसंघ ईमानदारी के साथ कार्य करेगा। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इधर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष जतिन शर्मा ने भी अपनी जीत को साथी, सहयोगियों के साथ ही महाविद्यालय के हर छात्र-छात्रा की जीत बताया। अपनी जीत के लिए उन्होंने वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। जतिन ने कहा कि वे सभी के साथ मिलकर महाविद्यालय एवं काशीपुर के हितार्थ कार्य करेंगे।

# कोतवाली के सामने से हटेगा कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। उप जिलाधिकारी काशीपुर कार्यालय से कोतवाली के सामने स्थित दो दर्जन से अधिकरुड़ संचालकों को 20 सितंबर को उपजिलाधिकारी की ओर से नोटिस दिये गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि मुख्य बाजार मार्ग पर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करते हुए दुकानें संचालित की जा रही हैं। यह निर्माण सरकारी भूमि की सीमा से बाहर अतिक्रमण कर खड़ा किया गया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि उच्च न्यायालय, उत्तराखंड नैनीताल के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की जा रही है। उच्च न्यायालय ने 26 दिसंबर 2024 को पारित आदेश में जिला. धिकारी ऊधमसिंहनगर को अतिक्रमण की शिकायतों की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित करने और समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उप जिलाधिकारी काशीपुर अभय प्रताप सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह कदम साफ संकेत है कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है। उधर तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि इन फड़ संचालकों को उपजिलाधिकारी कार्यालय से नोटिस दिये गये हैं। नोटिस में 15 दिन का समय दिया गया है। उसके बाद नियमानुसार सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाये जाने पर उसे हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।




**सूचना: नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है मेरे पैन कार्ड नं0 FAWPB00J में त्रुटिवश मेरे पिता मोहम्मद यासीन के नाम की जगह पति फरीद अहमद का नाम अंकित हो गया है।

शाइस्ता बी पत्नी श्री फरीद अहमद, पुत्री श्री मोहम्मद यासीन निवासी भट्टपुरी नमूना, तहसील बाजपुर, जिला उधमसिंह नगर)

**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सगीर अहमद खान से बदल कर अब सगीर खान कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे सगीर खान पुत्र शकील अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाए।

वर्तमान पता- फ्लैट नंबर ई 22/2002/एफ दूसरी मंजिल, गुलमोहर द्वितीय अपार्टमेंट, सामिआ लेक सिटी रुद्रपुर, रुद्रपुर डाकघर - रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड - 263153


# यूकेडी ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** युवा उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य में लगातार भर्ती घोटाले और यूकेएसएससी पेपर लीक प्रकरण ने युवाओं के भविष्य को गहरे संकट में डाल दिया है। साथ ही, सरकार की नाकामी, पुलिस दमन और पत्रकारों की आवाज़ को दबाने की घटनाओं ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। ज्ञापन में मुख्य मांग की गई कि प्रदेश में अगली विधानसभा चुनाव तक राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, ताकि निष्पक्ष प्रशासन और युवाओं को न्याय सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त यूकेएसएससी पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच, दोषी अधिकारियों/नेताओं पर कड़ी कार्रवाई, सभी परीक्षाओं का पुन: पारदर्शी आयोजन तथा आंदोलनरत युवाओं एवं पत्रकारों की सुरक्षा की गारंटी की मांग रखी गई। इस अवसर पर युवा उक्रांद से आयुष रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीपुर जगदीश चंद्र बौड़ाई, जिला प्रभारी सरदार हरजाब सिंह, दीपक नेगी, विजय ध्यानी, मोहित कांडपाल, गौरव रावत, आशीष धौंडियाल, प्रवीण बिष्ट, आकाश गुसाईं, मयंक जोशी, प्रियांशु रावत, सूरज यादव, नीरज मैंदोलिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल के प्रथम बार कालाढूंगी पहुंचने पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सोमवार को कालाढूंगी पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया इस दौरान तरुण बंसल ने अपने अपने नियुक्त होने पर शीर्ष नेतृत्व सहित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने में पुराने और अनुभवी कार्यकर्ताओं का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका काम संगठन के ऊपर नजरों में आता है और इसे देखकर ही उन्हें प्रदेश महामंत्री जैसे दायित्व दिए गए। भाजपा नेता शांति मेहरा ने बंसल को उनके दायित्व पर बधाई दी। समारोह में जिला अध्यक्ष, प्रताप बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, कोटाबाग मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, महेश शर्मा, हरीश मेहरा, विना. ेद बुधलाकोटी भगवान तिवारी, मेहमूद हसन बंजारा, दीवान सिंह बिष्ट, गोपाल बुधलाकोटी सहित महिला मोर्चा की रेखा गुप्ता और कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पालिकाध्यक्ष ने सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** सरस्वती शिशु मन्दिर के विद्यार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा द्वारा सम्मान सोमवार को सरस्वती शिशु मन्दिर कालाढूंगी विद्यालय से क्षेत्रीय गणित प्रतियोगिता आगरा में गए हुए प्रतिभागी प्रियांशी पाण्डेय कक्षा चतुर्थ ने गणित मॉडल में तृतीय स्थान, ऋषभ मेहरा कक्षा चतुर्थ ने सांत्वना एवं आचार्य पत्रवाचन में पुष्पांजलि ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। नगर पालिका परिषद कालाढूंगी की अध्यक्षा रेखा कत्यूरा द्वारा इन प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कालाढूंगी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, विद्यालय के उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र पांडेय, कोषाध्यक्ष महेश तिवाड़ी, प्रधानाचार्य शुभेंदु गुप्त, सदस्य गिरिश चंद्र पाण्डे एवं विद्यालय के समस्त आचार्य चन्दन, दीपक, हरीश जोशी, दीपा, अनीता, ललिता, लीला, नेहा, भावना, शान्ति, लता आदि उपस्थित रहे।

# कोरंगा को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया

## पपेर लीक: पुलिस कार्रवाई से बुद्ध पार्क में हड़कंप, तीखी झड़प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने, पेपर को रद्द करने और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से बुद्धपार्क में चल रहे शांतिपूर्ण अनशन सोमवार को उस समय उग्र हो गया जब पुलिस ने आमरण अनशन पर बैठे उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा को अनशन के पांचवें दिन जबरन उठा लिया और सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। इस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शनकारी छात्र व पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हो गई और धरनास्थल पर अफरातफरी का माहौल हो गया। अब भूपेंद्र के स्थान पर पीयूष जोशी, विनोद कांडपाल और हरीश रावत आमरण अनशन पर बैठ गए है। साथ ही आंदोलनकारियों ने मंगलवार को एसडीएम कोर्ट तक पदयात्रा निकालने का भी ऐलान किया है। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर बीते चार दिनों से बड़ी संख्या में युवा तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में आंदोलन में डटे हुए है। युवाओं की मांगों के समर्थन में उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा आमरण अनशन पर बैठ गए। चिकित्सक रोजाना अनशनकारी का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। अनशनकारी भूपेंद्र कोरंगा के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट और चिकित्सकों की सलाह पर सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने आंदोलित युवाओं को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवा अपनी मांगों पर अडिग रहे। इस बीच युवाओं के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ता व छात्र भी बुद्ध पार्क में जुट गए। इस दौरान अनशनकारी भूपेंद्र कोरंगा को जबरन उठाये जाने को लेकर हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान हुई धक्का मुक्की में एक महिला के कपड़े भी फट गए। पुलिस ने अनशनकारी को ऐंबुलेंस से सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती करा दिया। भूपेंद्र के बाद अब पीयूष जोशी, विनोद कांडपाल व हरीश रावत आमरण अशन पर बैठ गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीबीआई जांच की मांग पूरी कर दी है। लेकिन जब तक पेपर रद्द नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। अनशन में बैठे हरीश रावत ने कहा कि सरकार पेपर लीक घोटाले में संलिप्त लोगों को बचा रही है, और बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। उन्होंने कहा आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस बलपूर्वक धरनास्थल को खाली कराने में जुटी है। उन्होंने कहा जिस तरह से पुलिस ने जबरन भूपेन्द्र को उठाया और आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ हथापाई की गई, इतना ही नहीं पुलिस ने आंदोलन कर रही महिलाओं के कपड़े भी फाड़ दिए जो निदंनीय है। यह आंदोलन डेढ़ करोड़ जनता का है सभी अभिभावकों को इस आंदोलन में आगे आना होगा। क्योकि यह उन अभिभावकों के सपने और बच्चों के भविष्य और हमारी अस्मिता बचाने का आंदोलन है। इस दौरन मनोज कोठियाल, पार्षद शैलेंद्र दानु, दीक्षित कुमार, सुनील चंद्र, मुकेश चंद्र, पवन चंद्र, दिनेश सिंह बिष्ट, अजय प्रताप सिंह, अमित रावत, राधा आर्य, ज्योति बनौला, खिमेश पनेरू, सुजाता आर्य, किरण राणा, टीकाराम पांडे के अलावा कांग्रेस नेता ललित जोशी, हेमंत साहू, परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) महेश चन्द्र आदि मौजूद रहे। इधर, देर शाम आंदोलन स्थल से सूचना प्राप्त हुई कि देहरादून में आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, तो यहां पर भी आंदोलन को विराम दिया जा रहा है।



# सभी संशय दूर हुए दीपावली 21 अक्टूबर को

## डा. भुवन चन्द्र त्रिपाठी ने 21 ने दिया शास्त्रसम्मत निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली पर्व की तिथि को लेकर चल रहे भ्रम और मतभेदों के बीच कुमाऊं के वरिष्ठ विद्वान एवं पर्व निर्णय सभा के संरक्षक डा. भुवन चन्द्र त्रिपाठी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए 21 अक्टूबर को शास्त्रसम्मत दीपावली मनाने की घोषणा की है। डा. त्रिपाठी ने कहा कि आप्तवाक्यं प्रमाण के आधार पर तथा प्रमुख पंचांगों के अनुसार दीपावली 21 अक्टूबर को ही मनाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदोष काल में महालक्ष्मी पूजन का विधान रहेगा। डा. त्रिपाठी ने बताया कि कुमाऊं में प्रचलित व मान्य पंचांग जैसे श्री गणेश मार्तण्ड पंचांग, श्री तारा प्रसाद दिव्य पंचांग, नक्षत्र तिथि लोक पंचांग, श्री वाणी भूषण पंचांग, श्री सिद्धिदात्री पंचांग में दीपावली की तिथि 21 अक्टूबर को ही दर्शाई गई है। दीपावली की तिथि को लेकर कई प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्यों और पंचांगकारों ने भी 21 अक्टूबर को ही पर्व मनाने की पुष्टि की है। श्री तारा प्रसाद दिव्य पंचांग के संपादक आचार्य डा. रमेश चन्द्र जोशी ने शास्त्र सम्मत विवेचन के बाद इसी तिथि का समर्थन किया है। वहीं प्रसिद्ध पंचांगकार आचार्य दीपक जोशी ने भी यही तिथि उचित बताई है। डा. भुवन चन्द्र त्रिपाठी ने कहा हम सभी पंचांगों का सम्मान करते हैं, लेकिन स्थानीय संस्कृति और क्षेत्र विशेष में मान्य पंचांगों का पालन अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि कुमाऊं क्षेत्र के तमाम विद्वानों, पंचांगकारों और पुरोहितों की राय लेने के बाद ही उन्होंने जनमानस से 21 अक्टूबर को दीपावली मनाने का आग्रह किया है।



# गड्ढामुक्त सड़कों के लिए डीएम का निरीक्षण

## अधिकारी दिन रात काम करें, 10 दिन का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क सुधारीकरण और सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए सोमवार को डीएम वंदना सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया और सभी अधिकारियों को दिन रात कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीमताल रानीबाग सड़क और काठगोदाम ज्योलीकोट हाइवे की क्षतिग्रस्त सतह को पुन निर्माण करने कार्य शुरू करें और गड्ढे भरने के स्थान पर सड़क के खराब हुए भाग को पूरी तरह से दोबारा बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले दस दिन के भीतर कार्य को पूरा करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा अक्टूबर माह में नगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के लिए नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं यूयूएडीए द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुरूप कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी हल्द्वानी, प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। डीएम ने नरीमन चौराहे से गोलापुल तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने वाले सड़क सुधारीकरण कार्य को 10 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर पेयजल निगम एवं अन्य विभागों द्वारा प्रस्तावित पाइपलाइन आदि का कार्य 10 अक्टूबर से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए, ताकि लोक निर्माण विभाग हॉट मिक्सिंग एवं अन्य सुधारीकरण कार्य समय से आरंभ कर सके। रेलवे क्रॉसिंग से गोलापुल तक लोक निर्माण विभाग द्वारा चल रहे कार्यों को तेजी से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने अतिरिक्त मैनपावर लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए निर्देश दिए कि हल्द्वानी नगर में कहीं भी सड़क खोदी हुई न हो। जो भी सड़कें खोदी गई हैं, उन्हें समय से ठीक कर लिया जाए। साथ ही नगर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त कालू साईं से मंगल पड़ाव तक चौड़ीकरण की गई सड़क के किनारों को समतल एवं पक्का किया जाए। यह कार्य रात्रि के समय प्रारंभ किया जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने वार्ड 48 एवं 49 अंतर्गत तल्ली बमोरी, मल्ली बमोरी तथा अमरावती कॉलोनी आदि क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर धर्मशक्तु, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल शाह, यूयूएडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष सिंह, एनएच के अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## यूओयू ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर एक विशेष प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजन विशेषकर युवाओं को विश्वविद्यालय की शैक्षिक योजनाओं, दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता तथा उच्च शिक्षा की सहज उपलब्धता के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्टेशन मैनेजर से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत की गई, जिसके पश्चात विश्वविद्यालय की टीम ने स्टेशन परिसर में यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों से संपर्क कर शैक्षिक जानकारी साझा की। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों को बताया कि कैसे उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के दूरस्थ इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने के लिए कार्यरत है। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग और लोक प्रशासन विभाग से सहायक प्राध्यापक डा. घनश्याम जोशी, ऋतम्बरा नैनवाल, नियती रावत और दिग्विजय सिंह पथनी ने भाग लिया। टीम ने यात्रियों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया और शिक्षा के विभिन्न अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के दौरान युवाओं से विशेष रूप से संवाद स्थापित किया गया। उन्हें यह बताया गया कि कैसे वे अपने गाँव या शहर में रहकर भी विश्वविद्यालय की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# सूर्पनखा की नाक कटी, सीता का हरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम नगर निगम इंटर कालेज के प्रांगण में रामलीला महोत्सव के छठवें दिन सूर्पनखा नासिका छेदन, खरदूषण वध, और सीता हरण का मंचन किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम लोग रामलीला देखने उमड़े। रामलीला मंचन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नेता सचिन साह, नीरज बिष्ट, विपिन जोशी, रमेश बिष्ट, विनोद मालीवाल, यशपाल आर्य व कमेटी के संरक्षक संतोष राणा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। रामलीला मंचन के दौरान राम और लक्ष्मण की कुटिया में सूपर्णखा के प्रवेश से होता है। सूर्पनखा एक सुंदरी का रूप धारण कर श्रीराम व लक्ष्मण को रिझाने आती है। वह राम और लक्ष्मण को रिझाने का प्रयास करती है। लेकिन अंत में सूर्पनखा अपना विकरालरूप धारण कर सीता पर झपटती है तो श्रीराम के इशारा पाकर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। कटी हुई नाक को लेकर सूर्पनखा अपने भाई खरदूषण के पास जाती है और उनसे बदला लेने की बात कहती है। बहन की कटी नाक को देख खरदूषण श्रीराम से युद्ध करने पहुंचते और श्रीराम द्वारा दोनो का वध कर दिया जाता है। जिसके बाद सूर्पनखा फिर अपने भाई लंकापति रावण के महल में पहुंचती है, और रावण को बदला लेने के लिए कहती है। इसके बाद रावण साधु बनकर छल से सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले जाता है। रामलीला मंचन देखने के लिए पूरा ग्राउंड खचाखच भरा पड़ा था। इस मौके पर अध्यक्ष संदीप राणा, मोहन बिष्ट, भुवन तिवारी, कुंदन सिंह बिष्ट, हिमांशु साही, रोहित मालीवाल आदि मौजूद रहे।



# रामेश्वरम स्थापना और सेतुबंध का मंचन

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्रीरामलीला मैदान में सोमवार को श्रीरामलीला के अंतर्गत विभीषण शरणागति, रामेश्वरम स्थापना और सेतुबंध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला का आरंभ विभीषण के रावण दरबार से त्याग की कथा से हुआ। इस अवसर पर मंच संचालक पुष्कर दत्त शास्त्री ने कहा, रावन जबहिं बिभीषन त्यागा। भयउ बिभव बिनु तबहिं अभागा। जैसे ही रावण ने विभीषण को त्यागा, उसी क्षण वह ऐश्वर्यहीन हो गया। विभीषण, श्रीराम की शरण में जाकर हर्षित होते हैं और श्रीराम उन्हें गले लगाकर अपनाते हैं। इसके बाद समुद्र तट पर भगवान शिव की स्तुति कर रामेश्वरम की स्थापना होती है। तत्पश्चात नल-नील और वानरों की सहायता से लंका जाने के लिए सेतुबंध का निर्माण दर्शाया गया। लीला मंचन के दौरान अमित जोशी, सुशील शर्मा और रोहित ठाकुर द्वारा सेतुबंध की सुंदर झांकी तैयार की गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संचालन समिति के विवेक कश्यप, योगेश शर्मा और राजेन्द्र मुन्ना ने किया। व्यास पूजन पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोपाल नेगी, एनबी गुणवंत और बिंदेश गुप्ता द्वारा संपन्न किया गया। रामलीला मंचन में लैइनेस क्लब उड़ान एवं उमंग, गोरखा सेवा समिति तथा अग्रवाल महिला समिति सहित विभिन्न संस्थाओं ने सहयोग किया।



# शिवसेना ने किया राजपुरा चौकी इंचार्ज का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवसेना महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या के नेतृत्व में सोमवार को शिवसैनिकों ने राजपुरा के नवनियुक्त चौकी इंचार्ज कृष्णागिरी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमोद आर्या ने चौकी इंचार्ज से राजपुरा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा क्षेत्र में चौकी होने के बावजूद रात्रि गश्त नहीं होती, जिससे असामाजिक तत्व देर रात तक समूह बनाकर सार्वजनिक स्थलों पर खड़े रहते हैं। इस मौके पर कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, नगर सचिव पूरन सागर, रक्षपाल श्रीवास्तव, मंगल सैन, वीरू कश्यप, विवेक आर्या, लखन कश्यप, दीपक कश्यप, विनोद कश्यप आदि मौजूद रहे।



# किसान ने गटका जहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक एक काश्तकार ने जहरीले पदार्थ सेवन कर लिया। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान काश्तार बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार तलाड़ी, खनस्यूं निवासी 65 वर्षीय चंदन सिंह ने बीते 17 सितंबर को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। चंदन की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। नौ दिन तक चले उपचार के दौरान बीती रविवार की रात्रि चंदन सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# एमबीबीसी के छात्रों ने मंत्रमुग्ध कर दिया

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों ने रामलीला का प्रभावशाली और भावनात्मक मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज राम जन्म, सीता स्वयंवर, राम वनवास, सीता हरण, हनुमान-राम विलाप, राम सेतु व लक्ष्मण शक्ति का प्रस्तुतिकरण हुआ। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ-साथ लोगों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। रामलीला जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते है और विद्यार्थियों को भारतीय जीवन मूल्यों व आदर्शों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

# उद्यमियों को सहूलियत का भरोसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्थित जिला उद्योग सभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अनामिका की अध्यक्षता में सोमवार को उद्योग मित्र की बैठक आयोजित हुई। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अनुपस्थित रहे लोनिवि, सिंचाई, जल संस्थान और खान विभाग के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया। बजूनियाहल्दू-पतलिया से कोटाबाग तक वैकल्पिक मार्ग और सूर्यागांव-सातताल मोटर मार्ग की डीपीआर पर लंबित आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। कोटाबाग में 33 केवीए विद्युत उपसंस्थान निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन एक सप्ताह में पूर्ण करने को कहा गया। चिल्किया मार्ग के चौड़ीकरण और कालाढूंगी में सड़क निर्माण कार्य को अक्टूबर से पहले शुरू कर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद जिला स्वरोजगार अनुश्रवण समिति की बैठक में सीडीओ ने स्वरोजगार योजनाओं को अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुँचाने और बैंकों को आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तीन शिल्पियों को शिल्प अवार्ड और 25 उद्यमियों को स्टार्टअप इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग पल्लवी गुप्ता, प्रबंधक उद्योग रॉबिन सिंह, अध्यक्ष हिमालयन चैंबर आरसी बिन्जोला, संयुक्त सचिव मलय त्रिपाठी, सहित कई लोग मौजूद रहे।



# मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक के लिए व्यापार मंडल एक्टिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** त्योहारों के मद्देनज़र बढ़ती मिलावटखोरी को लेकर प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सख्ती बरतने की मांग की है। मंडल के पदाधिकारियों ने ज़िले में मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, खाद्य विभाग से शहर की सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने की अपील की है। प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने जिला खाद्य अधिकारी अजब सिंह रावत से मुलाकात कर कहा कि हल्द्वानी ही नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति ज़िले के बाहरी क्षेत्रों से होती है। इस दौरान कई बार नकली व मिलावटी सामान भी बाजारों में पहुंच जाता है, जो आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल कभी भी ऐसे व्यापारियों का समर्थन नहीं करता और ना ही करेगा। उन्होंने त्योहारों के समय नकली खाद्य सामग्री की आपूर्ति रोकने के लिए जिला प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग को विशेष चेकिंग अभियान चलाना चाहिए, ताकि मिलावटी सामान शहर में प्रवेश ही न कर सके। पूरन लाल साह, कुंदन बिष्ट, राजीव अग्रवाल, प्रज्ञान भारद्वाज, अश्मित गुजराल, ऋषभ पाठक, पंकज फुलेरा, नितेश थूवाल, कुंदन रावत, ललित जायसवाल, नुसरत सिद्दीकी, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मांग: पनचक्की चौराहे का नाम शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के नाम पर रखा जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पनचक्की चौराहे का नाम बदलकर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह चौराहा रखे जाने की मांग को लेकर सोमवार को भीम आर्मी के ज़िलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में दर्जनों लोगो ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि ऐतिहासिक रूप से उक्त चौराहा एक पुरानी पनचक्की (जलचक्की) के कारण पनचक्की चौराहा कहलाता था, जो अब अस्तित्व में नहीं है। ना तो प्रशासन द्वारा और ना ही किसी अधिकृत माध्यम से इस चौराहे का नाम आधिकारिक रूप से पनचक्की चौराहा रखा गया था। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को हल्द्वानी शहर में उचित सम्मान नहीं मिला है। न कोई चौराहा, न कोई पार्क और न ही कोई सार्वजनिक स्थल इन शहीदों के नाम पर है। ऐसे में उक्त चौराहे का नाम शहीद-ए-आज़म भगत सिंह चौराहा रखा जाए और साथ ही तीनों कोनों पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमाएं स्थापित की जाएं। ज्ञापन देने वालों में नफीस अहमद खान, आकाश भारती, फिरोज़ खान, महेश चंद्र आर्य, नवीन मूलनिवासी, जीतराम, हरीश लोधी, संजय कुमार टम्टा, कमल चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूं: बंसल

## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का जिले में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी एवं प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी शामिल हुए।

सोमवार को स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत तरुण बंसल के प्रथम हल्द्वानी आगमन पर भाखड़ा पुल पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत से हुई। यहां से एक वाहन रैली के रूप में उनका काफिला फतेहपुर, ब्लॉक, ऊँचापुल होते हुए भाजपा कार्यालय पहुँचा। रास्ते भर महिला मोर्चा, लामाचौड़ मण्डल, बिठोरिया मण्डल और मुखानी मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। कार्यालय परिसर में ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ सभी पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि नवनियुक्त वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में नैनीताल जिला संगठन और अधिक सशक्त होगा। प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती देने के लिए हर कार्यकर्ता को साथ लेकर काम किया जाएगा। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाया जाएगा। इस मौके पर विधायक बंशीधर भगत, विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, पूर्व मेयर जोगेन्द्र रौतेला, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनन्द सिंह दरम्वाल, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, विकास भगत, सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, शंकर कोरंगा, चन्दन सिंह बिष्ट, विनीत अग्रवाल, प्रताप बोरा, प्रतिभा जोशी, प्रताप रैक्वाल, रुक्मणि बचकेती, कुन्दन चिलवाल, मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, संदीप सनवाल, दलीप नेगी, अल्का जीना, कार्तिक हर्बोला, नितिन राणा, रत्नेश साह मौजूद रहे।



## युवक का शव मिला

**हल्द्वानी।** अचेत अवस्था में कालाढूंगी चौराहे के पास एक अज्ञात युवक पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास लोगों से उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। युवक को उठाकर पुलिस सुशीला लेकर पहुंची जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को बीते रविवार को कालाढूंगी चौराहे के पास एक युवक के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंची। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आस-पास लोगों से युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। युवक की उम्र करीब 25 साल तक बताई जा रही है। मेडिकल पुलिस ने बताया कि शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी रख दिया है, और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# बागजाला में डटे रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला में 43वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता हमारा अनिश्चितकालीन धरना इसी तरह जारी रहेगा। धरने में डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, पंकज चौहान, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, एमएस मलिक, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, परवेज, विमला पाण्डे, दुर्गा देवी, कौशल्या, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह, मंजू सिंह, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, महेश राम, रेशमा, अनीता, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपिका, रमेश चन्द्र, जाकिर, रेशमा, मुकेश, साहिब, रफी, मंजू, शांति देवी, भगवती देवी, लोकेश कुमार, जगदीश चंद्र, दिव्या आर्य, तानिया, सुनीता देवी, शोभा, मंजू टम्टा आदि शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मतदाता सूची में हेराफेरी के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

■ सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर में कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा सबूत के साथ देशभर में मतदाता सूची में की गई हेराफेरी को जनता के बीच पहुंचाने के अभियान के तहत वोट चोर गद्दी छोड़, पेपर चोर गद्दी छोड़ नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

सोमवार को कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर विरोध प्रदर्शन घासमंडी, नगर पालिका रोड से मुख्य बाजार की सभी गलियों से होते हुए कोसी रोड से रानीखेत रोड होते हुए सिद्धेश्वर मंदिर के पास से होते हुए कांग्रेस कार्यालय पर आकर समाप्त हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत नें कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर आम जनता के मताधिकार की चोरी कर सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक लोकतंत्र की इस लड़ाई को लड़ेगा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा ने कहा कि वोट हमारा अधिकार है। एक वोट से प्रधानमंत्री चुना जाता है और एक वोट से ही अहंकारी सत्ता को हटाया जा सकता है। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत ने रामनगर महाविद्यालय के नव निर्वाचित छात्र संघ सचिव मनीष जोशी कों फूल माला पहनकर कांग्रेस में शामिल



किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक, देश. बंधु रावत, ओम प्रकाश, ललित उपाध्याय, उषा जोशी, पुष्पा देवी, बीना रावत, सतेश्वरी रावत, ममता आर्य, अनिल अग्रवाल खुलासा, भुवन चंद्र पांडे, मोहम्मद अजमल, नजाकत अली, चांद खान, जावेद खान, आफाक हुसैन, मोइन खान, गिरधारी लाल, राजू छिमवाल, ललित जोशी, मनोज चंदौला, बिट्टू राणा, बाबर खान, लीलाधर जोशी राजेंद्र बिष्ट, शेर खान, रमेश जोशी, शाहिद हुसैन, मुकुल नेगी, ओमप्रकाश हरिवंशी, महिपाल नेगी, गुरदीप सिंह, रमेश पंडित, मोहम्मद इकबाल, फारुख खान, राजू आर्य, गोपाल पांडे, डूंगर सिंह कनवाल, पंकज सुयाल, देबू बिष्ट, ओम प्रकाश पड़लिय, दीपक मशीहसहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का प्रथम बार ग्राम बैलपड़ाव पहुंचने पर विधायक बंशीधर भगत और भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया।प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होती है। संगठन को मजबूत कार्यकर्ता ही बनाते है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन को ओर ज्यादा मजबूत करने का काम करे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता,भाजपा सरकार की जनहित नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करे। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाए और भाजपा की जनहित नीतियों को जन जन तक पहुंचाए।इस दौरान विधायक बंशीधर भगत,भाजपा नेता विपिन कांडपाल,भाजपा नेत्री शोभा कांडपाल,धर्मदत्त सती, रूपवेश पांडे,मोहन चन्द्र तिवारी, अनिल कांबोज,भगवान तिवारी, हरीश कांडपाल, दीवान बिष्ट,वीरेंद्र आर्य, देवेंद्र आर्य, महेश शर्मा, हेम पाठक, विनोद बधानी,गंगा बिष्ट, राखी आर्य, मनप्रीत कौर,सूरज सिंह, कैलाश तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शटरिंग का काम कर रहा एक मजदूर तीसरी मंजिल से गिरकर गभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए हायर सैंटर रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार छत्तरपुर निवासी 45 वर्षीय भोला राम सोमवार दोपहर को अन्य मजदूरों के साथ निर्माणाधीन मकान में शटरिंग का काम कर रहा था। इसी बीच वह अचानक नियंत्रण खो बैठा और तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। आनन फानन में साथी मजदूर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।

### बाजपुर मुख्यमार्ग को गड्ढामुक्त करने को प्रशासन ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मुख्य मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। बाजपुर मुख्यमार्ग को गड्ढा मुक्त करने का कार्य गतिमान है। तहस. ीलदार अक्षय कुमार भट्ट और बीडीओ शेखर जोशी ने सहायक अभियंता लोनिवि श्वेता के साथ बाजपुर मुख्यमार्ग पर चल रहे गड्ढा मुक्त कार्य का निरीक्षण किया। तहस. ीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने सहायक अभियंता लोनिवि श्वेता को रेलवे फाटक के पास बेहतर तरीके से गड्ढों को भरने के निर्देश दिए।



### जल्द बाजपुर नगरीय क्षेत्र की बिजली व्यवस्था से जुड़ेगा वार्ड नंबर 11, 12 और 13: चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने कहा नवीन परिसीमन के तहत नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सम्मिलित हुये वार्ड नंबर 11, 12 और 13 जल्द बाजपुर नगरीय क्षेत्र की बिजली व्यवस्था से जुड़ जाएंगे, इसकी स्वीकृति हो गई है। जल्द टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. के मुख्य अभियंता ई. नरेन्द्र सिंह टोलिया ने पत्र भेजकर उन्हें इसकी जानकारी दी है। चेयरमैन गित्ते ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत सम्मिलित हुए ग्रामीण क्षेत्रों को ग्रामीण क्षेत्र से हटाकर नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति से जोड़े जाने एवं लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाये जाने को वह विद्युत विभाग से निरंतर पत्राचार कर रहे थे। विद्युत विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्या का समाधान कर दिया है। जल्द वार्ड नं.11, 12 व 13 बाजपुर नगरीय क्षेत्र की बिजली व्यवस्था से जुड़ जाएंगे। साथ ही जिन वार्डों में लो वोल्टेज की समस्या है, उससे भी निजात मिलेगी। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी भी मौजूद रहे।



# सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान से सम्मानित हुए बादल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** युवा अंतरराष्ट्रीय कवि विवेक बादल बाजपुरी को ऑल इंडिया गाड्र्स काउंसलिंग और युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच दिल्ली द्वारा वार्ता हॉल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आयोजित राजभाषा हिंदी संगोष्ठी और सम्मान समारोह के अंतर्गत सूर्यकांत त्रिपाठी निराला श्रेष्ठ कवि सम्मान से सम्मानित किया गया।

आयोजन अध्यक्ष शैलेन्द्र कपिल एवं मुख्य अतिथि पीके सुशील स्टेशन प्रबंधक नई दिल्ली व विजय प्रशांत सहित सुरेश सिंह मंडल सचिव गाड्र्स काउंसलिंग द्वारा राजभाषा हिन्दी लेखन करने एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रदान किया गया।

बताते चले बादल बाजपुरी लंबे अरसे से साहित्य लेखन कर रहे हैं और मॉरीशस, नेपाल, श्रीलंका सहित अन्य देशों की भी काव्य यात्रा कर चुके है। वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुके बादल बाजपुरी साहित्य के क्षेत्र में तीन विश्व कीर्तिमान भी स्थापित कर चुके है।

# तीन वर्षों के लिए निर्विरोध रूप से नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

■ बीएल साह अध्यक्ष, सीएस रावत बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष
■ पेंशनर्स संगठन की बैठक में कई प्रस्ताव हुए पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीएल साह ने की, जबकि संचालन महासचिव एसके नैय्यर ने किया। बैठक में बाजपुर, गदरपुर, किच्छा, जसपुर, काशीपुर, सितारगंज और खटीमा समेत जिलेभर से बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल सुरक्षा पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया। जिसे देहरादून से आए हेल्पेज इंडिया के प्रतिनिधि वैभव बिष्ट ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और डिजिटल सशक्तिकरण के जरिए वरिष्ठ नागरिक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी सकते हैं।

महासचिव एसके नैय्यर ने कहा कि देश की कुल आबादी का 10 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक हैं, जो करीब 15 करोड़ होते हैं। यदि एक परिवार में औसतन चार सदस्य माने जाएं, तो यह संख्या 60 करोड़ तक पहुंच जाती है। उत्तराखंड में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत है, जो लगभग 13 लाख है।

उन्होंने कहा कि सरकार पेंशनर्स की उपेक्षा कर जातिगत आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो अनुि. चत है। यदि सरकार ने शीघ्र ही पेंशनर्स की जायज मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा। पेंशनर्स संगठन की प्रमुख मांगे राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में ओपीडी एवं भर्ती की स्थिति में पेंशनर्स को कैशलेस सुविधा दी जाए। गोल्डन कार्ड के लिए की जा रही मासिक कटौती को कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 प्रतिशत किया जाए।

18 माह का डीए एरियर ख्र कोविड काल में रोका गया 18 माह का डीए एरियर तत्काल भुगतान किया जाए। 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत, 70 प्रतिशत पर 10 प्रतिशत, 75 पर 15 प्रतिशत और 80 पर 20 प्रतिशत की पेंशन वृद्धि लागू की जाए। पेंशन राशिकरण की अवधि 15 वर्षों से घटाकर 10 वर्ष 8 माह की जाए। जिले में गोल्डन कार्ड धारकों को हो रही चिकित्सीय असुविधा के समाधान को जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। राज्य स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पेंशनर्स के लिए आहरण-वितरण अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि प्रदान की जाए।

बैठक में लीलांबर जोशी, ओपी चौहान, त्रिवेणी सहाय गंगवार, कुन्दन लाल, प्रभाकर तिवारी, सुरेंद्र सिंह, बीएस चौहान, राम प्रसाद, राजकुमार त्यागी, बीएस शाक्य, बीके नैनवाल, परशुराम गौर, जैकिसन, हरीश कुमारी शर्मा, सुनहली, श्यामलता, तारा देवी, सीएस रावत, सीबी घिडिल्याल, राजबहादुर शर्मा, वैभव बिष्ट, मो. हनलाल अरोड़ा, पंकज कांडपाल, जगदीश पाटनी, पनवेश गुप्ता, सत्य प्रकाश यादव, आशा के सिंह, कत्यानी देवी आदि उपस्थित रहे। बीएल साह अध्यक्ष और एसके नैय्यर बने महासचिव बैठक में जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल 16 सितंबर 2025 को पूर्ण होने के दृष्टिगत आगामी तीन वर्षों के लिए निर्विरोध रूप से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बीएल साह को अध्यक्ष, सीएस रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एसके नैय्यर को महासचिव तथा सीबी घिडिल्याल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### भरत श्री राम के मिलन पर दर्शक हुए भाव विभोर, आंखें नम हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** श्री रामलीला कमेटी मोहल्ला चौहानान द्वारा आयोजित रामलीला में अहंकारी रावण सीता माता को छल कपट कर हरण कर ले गया। इस दौरान पंडाल में बैठे भक्तों द्वारा जय श्री राम के नारों से पंडाल गूंज उठा। इसके साथ ही वन में मिलने गए भाई भरत को देखकर भगवान राम भाव विभोर हो गए। उन्होंने भरत को गले लगा कर खड़ाऊ भेट कीं। इस दौरान दर्शकों की आंखें भी नम हो गईं। रामलीला में सूर्पनखा की नाक काटने के बाद बदले की भावना में जल रहे लंका नरेश रावण ने छल कपट से माता सीता का हरण कर लिया। इससे भगवान राम परेशान हो गए। इससे पहले श्री राम के वन जाने की खबर पाकर दुखी हुए भरत देरी किए बिना वन को रवाना हो गए। वन में श्री राम से मिलकर उनकी आंखें नम हो गईं। यह दृश्य देखकर दर्शक भी अपनी आंखों के आंसू नहीं रोक सके और पंडाल में जय श्री राम के नारों से पंडाल राम मय हो गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, रामलीला कमेटी अध्यक्ष सनी पधान, महामंत्री नवीन अग्रवाल, अवलोक गोयल, पंकज पाल, ब्रजवीर चौधरी, सिद्धार्थ सिंघल, सुधीर अग्रवाल, सभासद रूबी पधान, राहुल मोंटी, नीरज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, यशपाल शर्मा, डॉक्टर वीएस गौतम, मनोज चौधरी ,सुधीर बिश्नोई, अमित, पंकज शर्मा, बलराम तोमर समेत सैकड़ां की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# भाकियू की मासिक बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक लखबीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के बाद विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन/ मांग पत्र एसडीएम चतर सिंह चौहान को सौंपा गया।



मीडिया से बात करते हुए युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने बताया कि आज हुई मासिक बैठक में सर्वप्रथम धान की तैयार फसल को सरकार व कच्चे आढ़तियों द्वारा 01अक्टूबर से खरीद शुरू करने की मांग की गई। खाली पार, हजीरों, सीपका व वन क्षेत्र से लगे अन्य गांव में वन्य नीलगायों द्वारा किए जा रहे नुकसान के लिए वन विभाग को नीलगाय को रोकने के बावत उचित प्रबंध करने की मांग की गई। पतरामपुर अंडर ब्रिज 734 पर जो सर्विस रोड बनाई गई है वह बहुत क्षतिग्रस्त हो हो गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है उसे जल्द से जल्द बनवाया जाए। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए गृह स्वामी की परमिशन ली जाए, जबरदस्ती स्मार्ट मीटर ना लगाया जाए। जसपुर ब्लॉक क्षेत्र में सरकारी खरीद क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। ग्राम दादू वाला वह भवानीपुर में नये खरीद क्रय केंद्र लगाए जाए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, लखबीर सिंह, संजीव चौधरी, सीतू त्यागी, राजकुमार सिंह सैनी, जगजीत भुल्लर ,सज्जन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुखबीर ढिल्लन, धर्मेंद्र सिंह, बलबीर सिंह समेत दर्जनों किसान शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी गांधी व शास्त्री की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में दो अक्टूबर गांधी जयंती समारोह धूमधाम से सम्मानपूर्वक मनाया जाएगा। गांधी जयती समारोह की रूपरेखा तैयार करने हेतु अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित हुई।



अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जहां-जहां भी गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाएं स्थापित हैं, उनकी साफ-सफाई व रंग रोगन कराना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने बताया कि सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा सभी कार्यालयों, विद्यालयों व अन्य सस्थाओं में प्रातः 8 बजे महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद गांधी व शास्त्री जी के जीवन संघर्ष, देश सेवा व उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्बलों के कल्याण संबंधी अंत्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संबंध में गांधी जी के विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाए तथा विद्यालयों में भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराये जाने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के सादा जीवन उच्च विचार, मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाए।

बैठक में उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमल अनिरूद्ध उपस्थित थे व जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सभी उप जिलाधिकारी, सभी एमएनए, ईओ नगर निकाय, अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

### आरएलएसएम डिग्री कॉलेज का बीएड रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आरएलएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज का बीएड द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएड द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षाफल में कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा अक्षिता भट्ट ने 86.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा किरण बाबाड़ी ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व मीना रावत और उदिशा ने संयुक्त रूप से 81.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव इंजीनियर विनय चौहान, प्राचार्य डॉक्टर भुवनेश कुमारी, डॉक्टर रवि, विपिन कुमार, विवेक कुमार, मोहम्मद सलीम, विवेक बत्सल, सुभाष कुमार, आसमा परवीन ,राजवीर सिंह, सचिन कुमार , सत्यम गुप्ता, प्रीति वर्मा, गीता, दीपक कुमार, रिंकी चौहान, मोहम्मद राशिद, पिंकी, जगत सिंह, अर्जुन सिंह आदि शिक्षकों/कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।



# सड़क हादसे में वाइल्ड कैट की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन पाण्डे ने बताया कि सोमवार सुबह बिजरानी रेंज में आमडंडा के समीप वाइल्ड कैट की सड़क पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

सूचना पर कार्बेट की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।रेंजर ने बताया कि वाइल्ड कैट की उम्र ढाई साल थी। पोस्टमार्टम कराकर शव को नष्ट कर दिया है।

# स्मार्ट किड्स कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया नवरात्र और दशहरे का त्योहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** तीन पानी डैम स्थित स्मार्ट किड्स कॉन्वेंट स्कूल में नवरात्रि और दशहरे का पर्व हर्षोल्लास के साथ छात्र-छात्राओं ने मिलकर मनाया।

स्कूल के डायरेक्टर प्रवीण कुमार ने बच्चों के साथ रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में भाग लिया। प्रिंसिपल ने बच्चों को धार्मिक, नैतिक शिक्षा एवं नवरात्र में माता रानी के आदर्श पर चलने की शिक्षा दी। इसके साथ ही रावण दहन का संदेश देकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। रावण के दस सिरों को स्वार्थ, लालच, क्रोध, अहंकार, जलन जैसी बुराइयों का प्रतीक बताया गया।

स्कूल के प्रिंसिपल बृजेश मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में संस्कार और संस्कृति के प्रति प्रेम जगाते हैं।

कार्यक्रम में रेनू मिश्रा, शिवानी राणा, कुसुम राणा, स्नेहा, दीपा, शिल्पी, नित्या, निधि एवं नन्हे मुन्ने बच्चे शामिल रहे।

# लिटिल किंगडम स्कूल के बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में हुई, जहां सबसे पहले गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात विद्यालय प्रशासिका परविंदर पूरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।

रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों, कॉलोनियों तथा मुख्य बाजार से होती हुई पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में आकर्षक तख्तियां एवं बैनर लिए हुए थे, जिन पर गांधीजी के संदेश "सत्य ही ईश्वर है", "अहिंसा परम धर्म है" और "स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो" अंकित थे। बच्चे पूरे उत्साह से 'बापू अमर रहें', 'सत्य और अहिंसा हमारा मार्ग है', 'स्वच्छ भारत-सुंदर भारत' जैसे नारे लगाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। रैली का



विशेष आकर्षण था विद्यार्थियों द्वारा दुकानदारों एवं राहगीरों को पेपर बैग का वितरण तथा प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देना। बच्चों ने जगह-जगह रुककर राहगीरों को गांधीजी के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा भी दी। कई विद्यार्थियों ने गांधीजी की वेशभूषा में आकर लोगों का ध्यान खींचा और महात्मा गांधी के प्रसिद्ध विचारों का पाठ किया। विद्यालय की वरिष्ठ प्रशिक्षिका परिविंदर पुरी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा गांधी जी का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और स्वच्छता को अपनाकर ही हम समाज में सच्चा परिवर्तन ला सकते हैं।विद्यालय प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गांधीजी ने हमें सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, वही भारत की असली पहचान है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक सच्चा भारतीय बनने का संकल्प लेना चाहिए। रैली के बाद विद्यालय प्रांगण में निबंध लेखन, कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी , संचालक लक्ष्य शर्मा, विकास शर्मा, राखी राजपूत,मानसी, पूजा, भूमिका श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव , पूनम सहानी आदि लोग मौजूद थे।

### ग्रामवासियों की सुनीं जनसंमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम सावल्दे पश्चिम में शिव मंदिर में विधायक दीवान सिंह बिष्ट का ग्रामीणों द्वारा आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया है।जन मिलन कार्यक्रम मे विधायक ने ग्रामवा. सियों की जनसंमस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित भी किया है।सभी ग्रामवासियो ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मनमोहन सिंह बिष्ट, कृपाल नेगी, राजू चौधरी, धरम सिंह, सोनू सुप्याल, दीपू राणा आदि थे।

**सम्बंध विच्छेद**

मैनें अपने पुत्र प्रशांत गोस्वामी व उसकी पत्नी योगिता गोस्वामी को उनके दुर्व्यवहारों से तंग आकर उनसे अपने व अपने परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं तथा पुत्र प्रशांत गोस्वामी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का अपने पुत्र प्रशांत गोस्वामी व उसकी पत्नी योगिता गोस्वामी से कोई वास्ता-सरोकार नहीं है।

**कृष्ण कुमार गिरी पुत्र श्री आत्मा राम निवासी- फौजी मटकोटा, भूरारानी रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 40 किलो मांस बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घर से प्रतिबंध लगभग 40 किलो मांस बरामद कर एक युवक के खिलाफ गो संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपुर नगर के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह रोड पर एक घर में मुखबिर द्वारा मांस बिक्री की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंच गए जहां उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। त्वरित मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर अवैध मांस पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति से मांस का आवा जाई का प्रमाण पत्र मांगा जो वह नहीं दिखा सका। इसके पश्चात पुलिस ने लगभग 40 किलो मांस बरामद कर लिया। मीडिया से बात करते हुए एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री अभिनव वर्मा पुत्र कैलाश चंद्र वर्मा निवासी मोहल्ला चौहानान जसपुर के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर मोहल्ला ईदगाह रोड समर फील्ड अकादमी के निकट निवासी सलीम अहमद पुत्र अनवर हुसैन के विरुद्ध संतान गो संतान संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सलीम अहमद के घर से बरामद मांस को फॉरेंसिक लैब में भेजने की तैयारी की है। रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकेगा कि मांस गाय का है या किसी और जानवर का।

# प्रशिक्षुओं ने हिमवीरों के कार्यों को नजदीक से देखा और समझा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी से आए 23 प्रशिक्षुओं ने आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी के द्वारा किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यों का नजदीक से अध्ययन किया तथा अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी सूबे सिंह एवं उप सेनानी गौरव कुमार ने दल का स्वागत करते हुए उन्हें हिमविरो की प्रत्येक गति. विधियों की जानकारी देते हुए कहा वे उच्च हिमालई क्षेत्र में भी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। प्रशिक्षणतियों ने उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आईटीबीपी की अग्रिम चौकिया का भ्रमण करने की भी इच्छा जताई।

प्रशिक्षणतियों ने माना की विषम परिस्थितियों में अपने दायित्वों का हंसते हुए निर्वाह करने के कारण भी उन्हें 'हिमवीर' कहा जाता है।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने की। इस दौरान कुल 24 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनका गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाएगा। पंजीकृत शिकायतों में से अधिकांश का समाधान तत्काल किया गया, शेष का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।




सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में पूरी जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने पर बल दिया। जिले की सड़कों की स्थिति की समीक्षा कर कार्यदायी संस्थाओं को मरम्मत और सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बरसात के कारण रुके हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करने एवं पात्र लोगों को समय पर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी मुनस्यारी के लिए आवासीय भवन (एक से दो मंजिला) तथा कर्मचारियों हेतु आवासीय सुविधा का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश उपजिलाधिकारी मुनस्यारी को दिए गए।

स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की निस्तारित अथवा विचाराधीन स्थिति की रिपोर्ट समय पर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि नियमित समीक्षा की जा सके। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# एसएसआई महेंद्र प्रसाद का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** खिदमत ए मुआसरा की टीम ने कोतवाली में पहुंचकर हल्द्वानी से रामनगर कोतवाली में तैनात नए एसएसआई महेंद्र प्रसाद का गुलदस्ता और बुके देकर स्वागत किया। खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जिशान कुरैशी ने एसएसआई से रामनगर के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा। उन्होंने रामनगर में बढ़ते नशा, जुआं और बढ़ते अपराध आदि पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब किया जा रहा है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है एसएसआई ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान खिदमत ए मुआसरा के अध्यक्ष जिशान कुरेशी, समीर खान, शाहरुख सैफी, बुरहान अंसारी, आकिब खान, मोहम्मद अल्तमस आदि मौजूद रहे।

# नगर के वार्डों में स्वास्थ्य कैम्प अभियान जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस नबियाल के निर्देशन में नगर निगम के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' पखवाड़े के तहत जनपद में स्वास्थ्य कैम्पों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

धनौडा वार्ड के डॉनबॉस्को स्कूल मे एनसीडी (गैर-संचारी रोग) कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्क्रीनिंग कैम्प का शुभारंभ धनौडा की पार्षद भावना कापड़ी, डॉनबॉस्को स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जोयेस फर्नांडिस एवं मैनेजर फादर संजीव कुमार द्वारा किया गया। कैम्प में धनौडा वार्ड के निवासियों की बीपी, शुगर व तीन तरह के कैंसर (मुख, ग्रीवा, स्तन) आदि की स्क्रीनिंग / कॉउंसलिंग की गई तथा आवश्यक औषधियां भी वितरित की गईं। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नोडल अधिकारी डा. ललित भट्ट ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में नगर निगम के अन्य वार्डों में भी ऐसे ही कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सरवरी दामाराजू, डॉक्टर ब्रिजेश त्रिपाठी, सीएचओ सारिका फिरमाल, एएनएम राधिका कन्याल, गीतिका सामंत, देवराज जंगपांगी, शिव चमोली द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अधिकारी आम लोगों से संवाद कर अर्जित करें उनका विश्वासः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विभिन्न विभागों द्वारा आम लोगों के लिए जो कार्य कराए जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता का प्रमाण पत्र वही लोग देंगे, जिनके लिए वह योजनाएं बनाई जा रही है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिनके लिए योजना बनाई गई है यदि वह उसे सही मानते हैं तो तभी माना जाएगा कि उन्होंने सही काम किया है।

यह बात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद करने के बजाय उनका फोन न उठाने की प्रवृत्ति पर रोष प्रकट किया। यदि उस वक्त व्यस्त रहते हैं, तो कॉल बैक अवश्य किया जाना चाहिए। संवाद से विवाद समाप्त होने में मदद मिलती है। जनता दरबार में छतोली गांव में एक सप्ताह में जल संयोजन देने, रंजीत को पीएम आवास की सुविधा मिलने, चंपावत में रास्ते के विवाद से पिछले कई वर्षों से तनावपूर्ण जीवन झेल रही प्रेमा सुतेडी को उस वक्त बड़ी राहत मिली जब जिलाधिकारी ने उसके




अभिलेखों का अध्ययन करने के बाद बताया कि आपका पैदल रास्ता पूर्ववत रहेगा। जिसमें आपका हक होगा। मटियानी की आपदा ग्रस्त व्यक्ति के विस्थापन स्थल में गौशाला की व्यवस्था करने,सोना उगलने वाली भंडारबोरा गांव में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, एड़ी से बूंगा चेकुनी तक पैदल रास्ते एवं 800 मीटर सड़क स्वीकृति दी गई। जनता मिलन कार्यक्रम में चार दर्जन शिकायत दर्ज की गई, जिसमें सभी समस्याओं का मौके में ही समाधान कर लोगों को राहत दी गई।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन की प्रत्येक योजना में बोर्ड लगाकर पूरी जानकारी सार्वजनिक करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा 'मेरी योजना उत्तराखंड' किताब को प्रत्येक ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को अवश्य पढ़ना चाहिए। इससे उन्हें पूरी जानकारी मिलेगी तथा हर कार्य में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी। यह किताब हर ब्लॉक कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने रायकोट कुंवर जिला पंचायत क्षेत्र की सभी पेयजल योजनाओं का सोशल ऑडिट करने का भी आदेश दिया। जब तक उनकी योजनाओ पर जनता की मोहर नहीं लगेगी तब तक भुगतान की प्रक्रिया नहीं होगी। उन्होंने सिमलटुकरा गांव में स्कूल भवन की छत टपकने की घटना को गंभीरता से देते हुए जांच के आदेश दिए।

## जब डीएम ने एक बच्चे के ऑपरेशन में हुए खर्च को स्वयं वहन करने को कहा!

**चंपावत।** जनता दरबार में उस समय अजीब सी स्थिति पैदा हो गई, जब एक बच्चे का 24 सितंबर को जिला अस्पताल में ऑपरेशन करने का जिलाधिकारी द्वारा सीएमओ को आदेश दिया गया था। जिसमें स्वयं सीएमओ ने उस कार्य को अंजाम देने की भी बात कही थी। लेकिन आज फरियादी ने कहा कि बच्चे का ऑपरेशन तो नहीं किया लेकिन वार्तालाप में भी कड़वाहट देखने को मिली। जिसे देखकर वह अपने बच्चे का ऑपरेशन कराने के लिए खटीमा ले गया। जिलाधिकारी ने कहा क्योंकि मेरे निर्देश के बाद भी बच्चे का ऑपरेशन नहीं हुआ, जिसके लिए मैं अपने को दोषी मानते हुए उस बच्चे के उपचार पर खर्च हुई धनराशि को स्वयं उठाऊंगा। ऐसा कहने के बाद पूरे दरबार में सीएमओ डा. देवेश चौहान शर्मसार हो गए। जिलाधिकारी का कहना था कि आम लोगों का जिला प्रशासन से यदि विश्वास डगमगा जाता है तो हम सबके लिए इससे बड़ी शर्म की बात दूसरी कोई नहीं हो सकती।

## जनता दरबार में फरियादियों के लिए कम पड़ गया स्थान

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार की 'क्विक एक्शन' की कार्य संस्कृति से लगातार आम लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान के लिए समय सीमा निर्धारित की। तथा अधिकारियों से कहा कि आम लोगों का प्रशासन में विश्वास बनाये रखने के लिए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर अधिकारी को संवेदनशील बनना होगा।

# रुद्रपुर का समग्र विकास प्राथमिकता: विकास शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर। वार्ड** नं. 39 आवास विकास में स्थित सुशीला पार्क के सौंदर्यीकरण एवं पार्क की दीवारों के जीर्णोद्धार कार्य का महापौर विकास शर्मा ने वार्ड पार्षद सौरभ राज बेहड़ सहित तमाम गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने महापौर का फूल मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

इस मौके पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। वार्डों में विकास कार्यों का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह आगे भी निरंतर चलता रहेगा। सभी पार्षदों से वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गये थे, जिन पर कार्यवाही शुरू हो चुकी है। यहां धीरेश गुप्ता, सुनील ठुकराल, पारस चुघ, करन आनंद, गगन दुनेजा, हरीश कुमार, समर्पित ग्रोवर, हरीश आनंद आदि थे।

# शहीद के घर–आंगन की पवित्र मिट्टी को ताम्र कलश में संग्रहित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शहीद सम्मान यात्रा 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आज 29 सितम्बर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की टीम शहीद सूबेदार राम सिंह के गांव दुपतड़ (चौपाटी), तहसील डीडीहाट पहुंची। इस अवसर पर शहीद के घर–आंगन की पवित्र मिट्टी को सम्मानपूर्वक एकत्र कर संरक्षण हेतु ताम्र कलश में संग्रहित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल करम सिंह बिष्ट (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में आनरेरी नायब सूबेदार चन्दन सिंह जेठी, आनरेरी नायब सूबेदार हिरेंद्र सिंह, सूबेदार भीम सिंह, हवलदार महेन्द्र सिंह सम्मिलित रहे। विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल ने प्रमुख अतिथि के तौर पर प्रतिभाग किया। पिंकी आर्या, तहसीलदार, डीडीहाट, धीरेन्द्र सिंह कन्याल, ग्राम विकास अधिकारी एवं 4 विकास खंडों के कर्मचारी विक्रम सिंह भाटिया, अध्यक्ष सैनिक संगठन, कैप्टन शेर सिंह चुफाल, कैप्टन हरीश सिंह महर, कैप्टन विजेन्द्र सिंह, 30 पूर्व सैनिक, 25 एनसीसी कैडेट्स, स्थानीय ग्रामीण एवं शहीद परिवारजन ने भी प्रतिभाग किया।

सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल करम सिंह बिष्ट (सेवानिवृत्त) ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शहीदों के घर–आंगन की पवित्र मिट्टी को सम्मान के साथ संग्रहित कर आगामी शहीद सम्मान समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। तत्पश्चात इस पावन मिट्टी को पूर्ण सम्मान के साथ सैन्य धाम, देहरादून में स्थापित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने शहीद की वीरता और बलिदान को नमन करते हुए गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले 4 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा के दौरान यात्रियों से हेलीकाप्टर बुकिंग के नाम पर ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हेलीकाप्टर टिकट बुकिंग का झांसा दिया था। कुछ यात्री इस झांसे में आ गये और आरोपियों ने यात्रियों से 1 लाख 90 हजार से अधिक की ठगी कर दी और टिकट भी उपलब्ध नहीं कराई। जिसके बाद मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने इसमें विवेचना की।



दअरलस, केदारनाथ धाम यात्रा की शुरुआत के साथ ही साइबर ठग भी सक्रिय हो जाते हैं। ठग यात्रियों के केदारनाथ धाम पहुंचने की ललक एवं जानकारी के अभाव का सही ढंग से फायदा उठाते हुए ठगी के कारनामों को अंजाम देते हैं। हालांकि पिछले 2-3 सालों से हेलीकॉप्टर टिकटों की ऑनलाइन बिक्री के लिये आईआरसीटीसी को अधिकृत किया गया है, लेकिन साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर यात्रियों को टिकट दिलाने का झांसा देकर किसी न किसी प्रकार से ठग देते हैं। ऐसा ही एक प्रकरण इस बार की केदारनाथ धाम यात्रा के शुरुआती दिनों में हुआ। शिकायतकर्ता सूर्यप्रकाश मिश्रा निवासी सूरत, गुजरात ने थाना गुप्तकाशी पर शिकायत दर्ज करायी कि उन्होने फेसबुक पर पवनहंस की साइट देखी, जिस पर क्लिक करने से व्हट्सएप पर चैटिंग करते हुए 32 लोगों को टिकट दिलाने की बात फाइनल हुई। सामने वाले व्यक्ति द्वारा अकाउन्ट नम्बर देते हुए रुपयों का भुगतान करने को कहा। जिसके बाद 1,91,812 दिए गए खाते में भेजे गये। पैसे देने के बाद भी इनको कोई टिकट उपलब्ध नहीं हुई और न ही पैसे लेने वालों ने इनकी कॉल रिसीव की गई। ठगी के इस प्रकरण में काफी बड़ी धनराशि बैंक खाते में गयी थी और इसके उपरान्त यह राशि अलग-अगल खातों में डाली गयी थी। पुलिस द्वारा इनके द्वारा वर्तमान में उपयोग किये जा रहे मोबाइल नम्बरों के आधार पर सर्विलांस व स्थानीय पुलिस की सहायता से इनको गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लगभग दो महीने के अन्दर इस केस में ट्रेल यानि एक दूसरे के लिंक को खंगाला गया और इससे सम्बन्धित वास्तविक साइबर अपराधियों तक पुलिस पहुंची है। चेकिंग के पश्चात इनसे 18 बैंक खाते, कुछ मोबाइल इत्यादि मिले हैं। इनके बैंक खातों के विवरण ज्ञात किया गया है। इनमें से 3 लोगों को मयूरगंज उड़ीसा से और मास्टरमाइन्ड को नवादा बिहार से गिरफ्तार किया गया है। इस बार पुलिस के स्तर से प्रोएक्टिव पुलिसिंग करते हुए साइबर अपराधियों की ढूंढखोज कर उनके अकाउन्ट्स इत्यादि बन्द कराये गये और आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आकर्षण गुप्ता पुत्र रंजीत प्रसाद निवासी गांव हथ्येरी पो. बिरनामा, थाना पकरीवर्मा, जिला नवादा, बिहार, अनन्त कुमार सिंह पुत्र रमेश चन्द्र सिंह निवासी ग्राम व पो. दुग्धा थाना उदला, जिला मयूरगंज, उड़ीसा, सौभाग्य शेखर महन्तो पुत्र उमेश चन्द्र महन्तो निवासी ग्राम व पो. दुग्धा, थाना उदला, जिला मयूरभंज, उड़ीसा और दौलागोबिन्दा बाघा पुत्र संतोष बाघा निवासी ग्राम गुडापाडा, पो. ऐन्लापाली, जिला बौद्ध, उड़ीसा को गिरफ्तार किया है।

# राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का निर्माण कार्य समय पर हो पूर्ण

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत सुमाड़ी भरदार में बन रहे राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था बिड़कुल के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय के सभी भवन निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार कर शिक्षा विभाग को हैंडओवर किए जाएं।

# राजकीय शिक्षक संघ ने महानिदेशक के पत्र पर जताई कड़ी आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा के महानिदेशक की ओर से 27 सितंबर को जारी आदेश का राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग ने कड़ाई आपत्ति जताई है।

महानिदेशक ने मुख्य शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहां की प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती के लिये जिन शिक्षकों द्वारा विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है और वह आंदोलन में प्रतिभाग कर रहे हैं, ऐसे शिक्षकों का अनानापति प्रमाण पत्र निरस्त कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जबकि राजकीय शिक्षक संघ विगत 18 अगस्त से प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती परीक्षा निरस्त करने, शतप्रतिशत पदोन्नति, स्थानांतरण के साथ 34 सूत्रीय मांगों के लिए आंदोलनरत है। राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग के पदाधिकारियों ने कहा कि महानिदेशक शिक्षकों की मांगों को हल करने के बजाय उलझाने का कार्य कर रही हैं। शिक्षक लगातार प्रधानाचार्य विभाग सीधी भर्ती परीक्षा निरस्त कर पूर्व की भांति से भरने की मांग कर रहे हैं। इस प्रकार के पत्र जारी कर आंदोलन समाप्त करवाने के बजाय आंदोलन को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादें, 60 से अधिक शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद मुख्यालय नई टिहरी में सोमवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने फरियादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें और मांगें सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 60 जन शिकायतें और मांग पत्र प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में कई गंभीर और जमीनी स्तर की समस्याएं सामने आईं। जिला पंचायत सदस्य मंदार विजय पाल सिंह रावत ने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में घटती छात्र संख्या और अधिकांश स्कूलों में केवल एक शिक्षक होने की स्थिति पर चिंता जताई।

उन्होंने विद्यालयों के समायोजन की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विकासखंड चंबा के ग्राम कुटठा की सरोजनी देवी ने आपदा से क्षतिग्रस्त पुस्ता की मरम्मत की मांग की, जिस पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को कार्रवाई करने को कहा गया। इसी प्रकार ग्राम पिपली की सुशीला देवी ने नई टिहरी की सीवर लाइन से घर की दीवार को नुकसान पहुंचने की शिकायत की, जिस पर नगर पालि. का को तुरंत समाधान के आदेश दिए गए। जनता मिलन कार्यक्रम के दौरान एडीएम ए.के. सिंह, सीओ टिहरी ओशिन जोशी, सीएमओ श्याम विजय, पी.एस. चौहान, डीडीओ मोहम्मद असलम, एसडीएम संदीप कुमार सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी की चार बाइकों के साथ एक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई तीन बाइक बरामद की है। आरोपी पंतनगर का रहने वाला है। बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी ने बताया कि 24 सितंबर को यशपाल बिष्ट निवासी ग्राम सिसौना ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर पुलिस ने बाइक चोर की तलाश में सुराग कशी की।

सिडकुल चौकी इंचार्ज जगत सिंह शाही ने बाइक चोर मनोज प्रसाद पुत्र राजेंद्र निवासी पंतनगर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से यशपाल बिष्ट की चोरी हुई बाइक के साथ ही तीन अन्य बाइक भी बरामद हुई हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक प्रकाश भट्ट, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, दानू, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह बोरा, सिपाही तारा गड़ियां, अमित कुमार, कमल, भवान सिंह शामिल रहे।

# पत्रकार राजीव प्रताप को नम आंखों से दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** डिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप का अंतिम संस्कार केदार घाट गंगा तट में किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने नम आंखों के साथ उन्हें विदाई दी।

सोमवार को पत्रकार राजीव प्रताप के चिंता को उनके छोटा भाई आलोक प्रताप ने दी मुखाग्नि दी है। वे अपने पिछे 19 वर्षों पत्नी मुस्कान, एक छोटा भाई और एक बड़ी बहन समेत माता पिता को



छोड़कर गये है। बता दें कि उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर स्थित गंगोरी-गर्मपानी के बीच लापता सोशल मीडिया से जुड़े स्वतंत्र पत्रकार राजीव प्रताप का शव रविवार को जोशियाड़ा झील के बैराज में मिला। रेस्क्यू अभियान की संयुक्त टीम ने शव को बैराज से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शिनाख्त व पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार गत 18 सितंबर की रात्रि स्वतंत्र पत्रकार राजीव प्रताप अपने एक दोस्त पुलिस में तैनात सोबन सिंह की कार लेकर ज्ञानसू से गंगोरी के लिए करीब 11 बजे रात रवाना हुआ। अगले दिन सुबह तक जब राजीव नहीं लौटा, तो उसके दोस्त ने इसकी जानकारी पुलिस को देकर इसकी खोजबीन शुरू की। दिन को दोस्त की वाहन भागीरथी नदी में मिली लेकिन राजीव प्रताप गाड़ी में नहीं था परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी थी पुलिस ने खोजबीन की लेकिन राजीव प्रताप का कोई सुराग नहीं मिला।

# दून मेडिकल कॉलेज ने सुदूरवर्ती क्षेत्र धौतरी में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**उत्तराकाशी।** स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान के तहत अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र, धौंतरी (डुंडा), उत्तरकाशी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी डॉ बी एस रावत और राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आर एस बिष्ट के सयुंक्त तत्वाधान में किया गया। उदघाटन गाजणा जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत ने किया।

डॉ. रविन्द्र सिंह बिष्टने कहा की राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय देहरादून का मुख्य उद्देश्य है की वह दूरस्थ क्षेत्र में. जाकर ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श, प्रारंभिक उपचार एवं जाँच सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

# कुविवि छात्र महासंघ के सभी पदों पर एक-एक नामांकन, निर्विरोध निर्वाचन

## आशीष कबड़वाल अध्यक्ष, रक्षित बिष्ट उपाध्यक्ष, काजल छात्रा उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्र महासंघ के सोमवार को हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इससे पूर्व कुमाऊं विश्वविद्यालय के हर्मिटेज भवन के महिला अध्ययन केंद्र में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री गई, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव तथा छात्रा उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री की गई जिसमें सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई।

इसके साथ ही 11 बजे से अपराह्न 1 बजे एक नामांकन प्रकिया की गई जिसके बाद एक बजे से दो बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में सभी दस्तावेज सही पाए गए। चुनाव अधिकारी प्रो. नीलू लोधियाल ने बताया कि छात्र महासंघ में अध्यक्ष पद पर डीएसबी परिसर नैनीताल के आशीष कबड़वाल जबकि उपाध्यक्ष (छात्र) पद पर एमबीपीजी हल्द्वानी के रक्षित बिष्ट वहीं उपाध्यक्ष (छात्रा) पद पर राजकीय महाविद्यालय गदरपुर की काजल तो सचिव पद पर एनबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी के सचिन सिंह सामंत जबकि उपसचिव पद पर राजकीय महाविद्यालय बाजपुर के पीयूष तथा कोषाध्यक्ष पद पर पीएनपीजी महाविद्यालय रामनगर के रोहित नेगी निर्विरोध चुने गए। उन्होंने बताया कि 22 महाविद्यालयों में से रामगढ़ महाविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हुआ था जिसके चलते 21 महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने चुनाव में प्रतिभाग किया। उसके बाद डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव प्रकिया को सफल बनाने में प्रेक्षक प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो. ललित तिवारी, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. अमित जोशी, डा. गगन दीप होती, डा. आरसी जोशी, डा. अशोक कुमार, डा. आशीष तिवारी, डा. दीपिका पंत, डा. निधि वर्मा, डा. नवीन पांडे, डा. नंदन मेहरा, डा. अमित मेलकानी, डा. सीबी जोशी, गणेश सहित कुलानुशासक टीम प्रो. एचसीएस बिष्ट, डा. हिमांशु लोहनी, डा. पीएस अधिकारी, डा. मनोज सिंह बिष्ट, डा. मोहित रौतेला तथा डा. महेश आर्या आदि मौजूद रहे।





### 21 डिग्री कालेजों के प्रतिनिधि पहुंचे

**नैनीताल।** चुनाव अधिकारी प्रो. नीलू लोधियाल के मुताबिक कुविवि से जुड़े 22 महाविद्यालयों में से रामगढ़ महाविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रति. निधि का चुनाव नहीं हुआ था जिसके चलते 21 महाविद्यालयों के विश्व. विद्यालय के प्रतिनिधियों ने चुनाव में प्रतिभाग किया।

### छात्र समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान पहली प्राथमिकता: आशीष

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि छात्र महासंघ के निर्वाचित अध्यक्ष आशीष कबडवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को विश्वविद्यालय स्तर पर रखकर उनका प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सबसे बड़ी समस्या परीक्षा परिणाम (रिजल्ट) को लेकर है जहां अकसर विद्यार्थियों के अंक (मार्क्स) अपलोड नहीं हो पाते और वेरीफिकेशन जैसी परेशानियाँ सामने आती हैं, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों की समस्याओं को भी प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। आशीष ने कहा कि अब छात्र राजनीति और अधिक सार्थक और बेहतर दिशा में काम करेगी साथ ही छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

**नैनीताल।** भले ही सोमवार को कुविवि छात्र महासंघ का चुनाव में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए लेकिन चुनाव में सुरक्षा के लिए सुबह से ही पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रही। एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में सीओ सुमित पांडे, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पांडे तथा तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल तथा कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य कारण और निवारण विषयक ऑनलाइन संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार स्वच्छ नारी-सशक्त परिवार अभियान के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा कामकाजी महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य कारण और निवारण विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम की संयोजक डा. किरण तिवारी ने विषय का परिचय देकर की। उन्होंने बताया कि किस तरह नौकरी पेशा महिलाओं की भावनाओं के दबने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आता है और उनके मान. सिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। डीएसबी परिसर की निदेशक और महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा बताया कि स्त्री और पुरुष दोनों साथ में समाज चलते हैं और महिलाओं के खराब मानसिक स्वास्थ्य का प्रभाव बच्चों और बुजुर्गों के साथ पूरे परिवार पर पड़ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत का विशेष धन्यवाद किया कि जो समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। कार्यक्रम में डा. रूचि तिवारी ने बताया कि डब्लूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाएं पुरुषों की तुलना में दो गुना तनाव और अवसाद का सामना करती हैं। गोरखपुर विश्व. विद्यालय में मनोविज्ञान विभाग में कार्यरत प्रोफेसर अनुभूति दुबे ने अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला तत्पश्चात डा. नवीन मिश्रा ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न कारण और समाधानों का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर आराधना शुक्तला ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए।

## एक नजर

### भतरौंजखान में गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फी देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चे. कंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान भतरौंजखान पुलिस ने मोहान बेरियर के पास से पास एक युवक को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 4.085 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भतरौंजखान थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में टीम गस्त पर थी। इस दौरान क्षेत्र के मोहान बेरियर से सल्ट की तरफ पनीयाली नाला रोड पर मोटर साईकिल संख्या यूपी 22 बी 6682 को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी सचिन नेगी पुत्र विरेन्द्र नेगी, निवासी ग्राम पटोटिया थाना धूमाकोट, नैनीडांडा जिला पौडी गढ़वाल के कब्जे से 4.085 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम में अपर उप निरीक्षक मोहन चंद्रा, हेड कांस्टेबल राजाराम सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार शामिल रहे।

### औषधीय पौधों की खेती से किसानों को नया रास्ता

**धारी।** मुक्तेश्वर क्षेत्र के किसानों को औषधीय पौधों की खेती के जरिए अब नई दिशा मिल रही है। टेरी, मुक्तेश्वर द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट में रामगढ़, धारी और ओखलकांडा के 40 किसानों ने रुद्रपुर स्थित डाबर इंडिया लिमिटेड के जीवंती सेंटर फॉर मेडिसिनल प्लांट्स का दौरा किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती, बीज बुवाई, पौधों का गुणन और सुखाने की तकनीक से अवगत कराया। टेरी के प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 45 एकड़ भूमि में तिमूर, काकरसिंगी, सुगंधबाला, अशोक जैसे 90,000 पौधे रोपे गए हैं। किसानों ने इस पहल को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह खेती पारंपरिक खेती की तुलना में अधिक लाभदायक है और जंगली जानवरों से भी सुरक्षित रहती है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 528 मरीजों की जांच

**नैनीताल।** विधायक सरिता आर्या द्वारा सोमवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक आर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. तरुण टम्टा ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में 528 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान आयुष्मान योजना के लाभ, दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरण, दवाएं, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जांच जैसी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में डा. टीके टम्टा, डा. संजीव खर्कवाल, मदन सिंह मेहरा समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

### लावारिस कुत्तों का आतंक, ग्रामीण परेशान

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती रूसी व ताकुला क्षेत्र में लावारिश कुत्तों का जमावड़ा लगा है। लावारिश कुत्तों के झुंड राह चलते लोगों को काटने के लिए दौड़ रहे हैं जिससे लोग परेशान हैं। जानकारी के अनुसार नैनीताल के समीपवर्ती रूसी व ताकुला क्षेत्र में इन दिनों लावारिश कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, जो आते जाते किसी भी व्यक्ति को काटने के लिए पीछे दौड़ रहे हैं। स्थानीय निवासी ललित मेहरा ने बताया कि गांव क्षेत्र में स्कूली बच्चों को भी लावारिस कुत्तों का डर सता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इन कुत्तों को क्षेत्र में छोड़ा गया है जिनकी संखया 10 से 12 है। बताया कि लावारिश कुत्ते स्कूटी तथा बाइक सवारों व पैदल चल रहे लोगों के पीछे काटने के लिए दौड़ रहे हैं जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र से लावारिश कुत्तों को हटाने की मांग की है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि क्षेत्र से लावारिश कुत्तों को हटवाने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया जागा।

### मालरोड का ट्रीटमेंट रुका, लोगों में चिंता

**नैनीताल।** मौसम सही होने और मशीने पहुंचने के बाद भी नगर की लोअर मालरोड में ट्रीटमेंट कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में चिंता बनी हुई है। दूसरी ओर कार्यदायी संस्था की ओर से कहा जा रहा है कि निर्माण सामग्री जमा होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टम्टा ने बताया कि कार्यदायी संस्था की कुछ मशीने पहुंच चुकी हैं। अब पाईप और अन्य निर्माण सामग्री मंगाई गई है। निर्माण सामग्री के पहुंचते ही ट्रीटमेंट कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### नैनीताल-काठगोदाम मार्ग पर हुआ पैच कार्य शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल-काठगोदाम रोड पर गड्ढों भरी सड़क पर अब लोगों को सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच विभाग की ओर से ज्योलीकोट से रानीबाग तक क्षेत्र पैच कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल काठगोदाम रोड में जगह-जगह बन रहे गड्ढे लोगों के लिए सिर दर्द बन गए हैं। लेकिन अब लोगों को गड्ढों भरी सड़क पर सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच की ओर से सड़क में पैच कार्य शुरू कर दिया है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि विभाग की ओर से रानीबाग से ज्योलीकोट तक पैच कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया कि लगभग एक सप्ताह तक यह कार्य जारी रहेगा। सड़क के सभी पैच भर दिए जाएंगे। बताया कि जल्द ही ज्योलीकोट से नैनीताल तक भी डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# गेठिया सहित विकास खंड के हर गांव का विकास मेरी प्राथमिकता: बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड की गेठिया ग्राम सभा की जनता द्वारा सोमवार को लगातार चौथी बार गेठिया ग्राम सभी से ही भीमताल विकास खंड के ब्लॉक प्रमुख पद पर डा. हरीश सिंह बिष्ट की ताजपोशी होने पर उनका भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजित किया।



इस मौके पर अपने अभिनन्दन से डा. हरीश सिंह बिष्ट भाव विभोर और भावुक हो गए। उन्होंने कहा मैं आपको दंडवत हाथ जोड़कर दिल की गहराइयों से समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद देना चाहता हूं इतना भव्य स्वागत से मैं अभीभूत हूं और अपने को धन्य समझ रहा हूं। बोले कि आपके आशीर्वाद के कारण ही दो बार मेरी पत्नी गीता बिष्ट ब्लॉक प्रमुख तथा दो बार जिला पंचायत सदस्य चुनी गई और वह स्वयं दूसरी बार लगातार बलाक प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा विकासखंड की साठ ग्रामसभाओ में हर व्यक्ति से संवाद स्थापित करने का पूरा-पूरा प्रयास किया गया और हर किसी की मूलभूत समस्या का निवारण करने की पूरी कोशिश की गई और यह प्रयास आपके आशीर्वाद से जारी रहेगा।

उन्होने कहा कि मेरा लक्ष्य मेरी प्राथमिकता विकास खंड के हर गांव का विकास है। उन्होंने नशे के खिलाफ हर ग्राम सभा में विशेष अभियान चलाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा नशा विकास का अवरा. धक है जो मन मस्तिष्क में प्रतिकूल प्रभाव डालने के साथ किसी भी घर परिवार को नष्ट कर देता है। पूर्व प्रमुख गीता बिष्ट ने अपनी संबोधन में कहा कि ग्राम सभा गेठिया के ग्रामवा. सियों का ऋण कभी नहीं चुका सकते जो सममान उनके परिवार को मिला है वह सममान उनका ही नहीं बल्कि पूरे ग्राम सभा का सम्मान है। कहा कि गांव के विकास के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा उसके लिए सदा तत्पर रहेंगे। इससे पूर्व समस्त ग्रामवा. सियों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में पहली बार आने पर डा. हरीश बिष्ट और गीता बिष्ट को फूल मालाओं से लाद दिया। इस बीच ग्राम प्रधान रिंकू देवी का भी अभिनंदन किया गया। क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना भट द्वारा क्षेत्र पंचायत चुनाव से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक चुनाव की संपूर्ण रिकॉर्डिंग बड़ी स्क्रीन में ग्रामीण एकता की मिशाल दिखाकर हर किसी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट नवीन पंत ने किया।

### पौधरोपण आंदोलन से कई लोग जुड़े

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 440वें दिन भी जारी रहा। दिनेश गुरुरानी द्वारा पौधारोपण अभियान के 440वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास गुरुरानी भवन परिसर में नित्य की भांति अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत स्मृति पौध लगाया। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके इस अभियान से प्रेरित होकर कई लोग पौधा लगाकर उनके अभियान में शामिल हो रहे हैं।

# श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव में सुंदरकांड पाठ से माहौल भक्तिमय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित पांच दिनी 69वीं दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार को दिन भर विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए साथ ही महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ किया, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा।



इससे पूर्व महोत्सव के तहत धार्मिक अनुष्ठानों का श्रीगणेश महासप्तमी पूजा से हुआ। सुबह दस बजे से दोपहर 12 बजे तक पुष्पांजलि हुई जबकि दोपहर में सुंदरकांड पाठ किया गया जिसमें आयुष भंडारी, गौरव जोशी, कार्तिक भट्ट, सुमन साह, हेमा नेगी, मंजू रौतेला, रश्मी राणा, मीनू बुधलाकोटी, मंजू पांडे, तृप्ति गुहा मजुमदार, नीमा भंडारी, अनीता साह, मुन्नी पाण्डे, कुसुमलता, चित्रा शर्मा, मोमिता मजुमदार शामिल रही। इस दौरान बंगाल से पहुंचे सुभ चक्रवती द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार समेत दिनेश भट्ट, पीके शर्मा, भास्कर बिष्ट, विकाश वर्मा, अमन महाजन तथा यश शर्मा सहित अन्य लोग भकतिभाव से जुटे रहे।

## पुलिस के ऑपरेशन रोमियो की बखिया उधेड़ रहे अराजक तत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पुलिस की ओर से चलाए गए ऑपरेशन रोमियो का नैनीताल शहर में कोई असर नहीं दिख रहा। नगर के युवा पुलिस थाने, कोतवाली व चौकी से पुलिस के सामने ही नियमों की धज्जियां उड़ाते निकल रहे हैं। पुलिस की अनदेखी ऐसे लोगों को अराजकता फैलाने में बढ़ावा दे रही है। बता दें कि नैनीताल शहर में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर कुछ दिन पूर्व नगर में ऑपरेशन रोमियो चलया गया था। अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पिलाने वालोंए खतरनाक ड्राइविंग करने वालों व चौराहों पर हंगामा करने वालों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की थी। लेकिन पुलिस का अभियान व कार्रवाई सुर्खियां बटोरने तक रह गई, क्योंकि अभियान के बाद भी पुलिस के सामने ही नगर के युवा बाइकों पर तीन सवारी बैठाकर, बिना हेलमेट तथा तेज गति में पुलिस के सामने फर्राटे भरते निकल रहे हैं। लेकिन पुलिस देखे का अनदेखा कर रही है। पुलिस की इस अनदेखी के चलते शहर में अराजकता को बढ़ावा मिल रहा है। मामले में एसपी यातायात जगदीश चंद्रा ने कहा कि तल्लीताल व मल्लीताल पुलिस को निर्देशित किया गया है कि अनिवार्य रूप से शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक सार्वजनिक स्थानों पर चीता मोबाइल की ओर से गश्त व निकरानी की जाए साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों और अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कहा कि पुलिस ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटेगी।

# अभिनय कार्यशाला में डा. रखोलिया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, शेलनेट और आनंदा अकादमी हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिनय एवं नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संयुक्त निदेशक टनकपुर (चंपावत) के डा. ललित मोहन रखोलिया को सम्मानित किया गया। कार्यशाला का समापन कार्यक्रम राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागार, हल्द्वानी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बंशीधर भगत एवं महापौर गजराज सिंह बिष्ट शेलनेट निदेशक डा. डीएन भट्ट, श्रीष डोभाल, चंदन बिष्ट, रचना बिष्ट रहे।

# मानव सेवा से बड़ा नहीं दुनिया में कोई काम

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम में 17वां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 104 लोगों ने रक्तदान किया। सोमवार को निर्मल आश्रम परिसर में निर्मल आश्रम अस्पताल द्वारा 17वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज ने रिबन काट कर किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जीते जीते रक्तदान एवं मरणोंपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना चाहियेघ। मानव सेवा से बढ़कर दुनियां में कोई कार्य नहीं है। व्यवस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बिमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से खून में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिया अच्छा है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगो की जान बचाई जा सकती है। संस्था द्वारा साल में दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

# प्रभु राम हैं हमारे आदर्श: सरिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा मलीताल नैनीताल की रामलीला मंचन में नैनीताल की विधायक सरिता आर्या ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए विधायक ने सामा. जिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नव संस्ख्रत सत्संग समिति के रामलीला परिसर में विधायक निधि से पांच लाख रुपये के अनुदान की घोषणा करते हुए सहयोग देने की बात कही। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत एवं सचिव पीपी पांडे के नेतृत्व में तथा वीरेंद्र जोशी, चारु पंत, हिम्मत सिंह, इंद्र सिंह रावत आदि के निर्देशन में चल रही रामलीला में कलाकारों का उत्साह देखने लायक रहा साथ ही क्षेत्र की जनता ने भारी संखया में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या द्वारा सभी से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समय-समय पर अतिथियों के रूप में सभासद जितेंद्र कुमार पांडे, पूर्व सभासद दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, निखिल बिष्ट, वरिष्ठ समाज सेवी गीता साह जगाती आदि की उपस्थिति ने सभी कलाकारों एवं क्षेत्र की जनता को उत्साहित किया।



# घर में फंदे पर लटका मिला राजस्व अनुसेवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र में राजस्व अनुसेवक की घर के अंदर फंदे से लटकर संदिग्ध अवस्था में मौत से हड़कंप मच गया। घटना के कुछ देर पहले ही अनुसेवक ने तहसील के एक कर्मचारी से बात की थी। अनुसेवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कोटाबाग निवासी राजेंद्र सिंह पडियार नैनीताल तहसील में राजस्व अनुसेवक था। वह नैनीताल के सात नंबर क्षेत्र में पत्नी व दो बच्चों के साथ किराये के भवन में रहता था। रविवार शाम लगभग पौने छह बजे पत्नी व दोनों बच्चे घर से बाहर गए हुए थे। छह बजे बच्चे घर पहुंचे तो पिता को छत की बल्ली से रस्सी के फंदे में लटके हुए देखा। मां व पड़ोसियों को सूचना देने के बाद आनन-फानन में पड़ोसियों ने राजेंद्र को फंदे से नीचे उतारा। साथ ही बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पटवारी भुवन जोशी ने बताया कि करीब पौने छह बजे तहसील के ही एक कर्मचारी से राजेंद्र की फोन पर बात हुई थी। फोन पर बात होने के कुछ ही मिनट बाद उसके लटके होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। एसपी यातायात व अपराध डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# नैनीताल बैंक का व्यवसाय 13,225 करोड़ रुपये पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक लिमिटेड की 103वीं वार्षिक साधारण सभा सोमवार को बैंक के प्रधान कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। इस सभा की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन गोपाल सिंह गुसाईं ने की। सभा के प्रारंभ में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार लाल ने सभी निदेशकों, अंशधारकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक कुलदीप सिंह और निदेशक मंडल के अन्य सदस्य बिनीता साह, मनोज शर्मा, यूसी नाहटा, नीलम दामोदरन एवं मानस रंजन बिस्वाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समिलित हुए। अंशधारकों को संबोधित करते हुए चेयरमैन गोपाल सिंह गुसाईं ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक की गतिविधियों और उपलधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक का व्यवसाय बढ़कर 13225 करोड़ तक पहुँच गया जिसमें कुल जमा 8255 करोड़ और ऋण 4970करोड़ शामिल हैं। कुल जमाओं में कम लागत की जमाएं 41.47 फीसदी रही जो बैंक की एक उल्लेखनीय उपलबधि है। इस वित्तीय वर्ष में बैंक ने 50.61 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया जो पिछले वर्ष के 47.10 करोड़ की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। इस अवधि में बैंक ने 2 नई शाखाएं खोलीं जिससे शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर 173 हो गई। बैंक का सकल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 50.82 फीसदी रहा जो आरबीआई की निर्धारित सीमा 40 फीसदी से अधिक है। बैंक ने अपने आईटी प्लेटफार्म और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। इस वित्तीय वर्ष में मोबा. इल बैंकिंग एप्लीकेशन की शुरुआत की गई जिससे ग्राहक कहीं भी और कभी भी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। बैंक डिजिटल प्लेटफार्म (ईकेवाईसी) के माध्यम से ग्राहकों का रिमोटली ऑनबोर्डिंग शुरू करने की प्रक्रिया में है और यूपीआई प्लेटफार्म पर एक एकयूरर के रूप में जुडने की प्रक्रिया में है। इस अवसर पर बैंक के मुखय वित्तीय अधिकारी महेश कुमार गोयल, मुख्य जोखिम अधिकारी मोहम्मद मोशिन इस्लाम, मुख्य अनुपालन अधिकारी कैलाश चन्द्र पांडे, कंपनी सचिव विवेक शाह उपस्थित थे।

## स्टार नाइट में 'गुलाबी शरारा...'




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में चल रहे श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव की स्टार नाइट में सोमवार को लोक कलाकार इंदर आर्य और मेघा चंद्रा के गीतों पर दर्शक खूब जमकर झूमे। उन्होंने हे मधु..., सवारी सवारी...गुलाबी शरारा..., हाथ मा..., माडर्न कुमाऊं..., लहँगा..., हिट मधुली... इंटर में फेल... तथा मधुली हीरा... मैं छु ठेठ पहाड़ी सहित अन्य गानों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इससे पूर्व दुर्गा पूजा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य और विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष महिला उद्यमिता विभाग रेनू अधिकारी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर लवली स्कूल, नैनी पब्लिक स्कूल, अमेरिकन किड्स, गोल्जू ग्रुप नैनीताल, घुघुति कला संस्कृति संस्था, कुमाऊंनी संस्कृति उत्थान मंच नैनीताल तथा कुमाऊं संस्कृति कला दर्शन लोहाघाट के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल समेत भाष्कर बिष्ट, मंजू रौतेला, सुमन शाह, रश्मी राणा, कुसुमलता सनवाल, मीनू तथा भावना व सावित्री सनवाल मौजूद रहे।

### नपं भगवानपुर में लोक कल्याण मेले का आयोजन

# सफाई में करें सहयोगः गुलबहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** नगर पंचायत भगवानपुर में 'लोक कल्याण मेला'(स्वनिधि योजना और स्वनिधि से समृद्धि योजना) और की 08 कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई स साथ ही स्वनिधि के लाभार्थियों को डिजिटल लेन देन के लिए प्रेरित किया गया स इसके

**❖चेयरमैन मौ. गुलबहार ने पर्यावरण मित्रों को सफाई किट बांटकर किया सम्मान**

प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 (शहरी)' के तहत 'अंगीकार' कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया स लोक कल्याण मेले के उक्त कार्यक्रम में सिटी मिशन मैनेजर द्वारा पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना और स्वनिधि से समृद्धि के तहत भारत सरकार अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के शहरी अवसंरचना विशेषज्ञ श्री मनोज भट्ट द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियो/आवेदकों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विभिन्न बैंकर्स द्वारा सोशल सिक्योरिटी स्कीम्स की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मो.



गुलबहार द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता किट भी प्रदान की गई। अध्यक्ष गुलबहार ने कहा कि पर्यावरण मित्र हमारे नगर पंचायत की रीड है जो हमार कस्बे की सफाई व्यवस्था वहनिगम क्षेत्र को साफ सुथरा रखने में अहम किरदार निभाते हैं इसलिए हम सबको पर्यावरण मित्रों का सम्मान करना चाहिए।

### भगवानपुर विधायक ने डाडा जलालपुर में किया सड़क का उद्घाटन

# बिना भेदभाव हो रहा विकास : ममता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्र स्थित डाडा जलालपुर में विधायक ममता राकेश ने इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दी। उन्होंने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रहे हैं। कहा कि प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को दुरस्त कराया जा चुका है। जो शेष रह गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे। ग्रामीणों ने विधायक को गांव की कुछ समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान शाहनवाज प्रधान, विक्रम सैनी, सत्तार, सरदार, ललीत, नीटू सैनी, मोहतरीन, नेकीराम, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।



### मुकदमा दर्ज होने के बाद कलियर विधायक के बेटे ने रखा अपना पक्ष

# आरोप बेबुनियाद, आरिफ खुद धोखेबाजः सलमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुकदमा दर्ज होने के बाद कलयर विधायक के पुत्र सलमान ने अपना पक्ष रखते हुए कहा किमुकदमा दर्ज करने वाला पीड़ित नहीं बल्कि धोखेबाज है आरोप है कि वह कई लोगों से पैसों की धोखाधड़ी कर चुका है और दो बार जेल भी जा चुका है। विधायक पुत्र सलमान ने बताया कि आरिफ अक्सर एक केंद्रीय मंत्री के साथ फोटो स्टेट्स पर लगाता है और उनके नाम से धमकियां भी देता है। उन्होंने बताया कि उन पर पश्चिमी अम्बर तालाब निवासी आरिफ कादरी ने मुकदमा दर्ज करवाया था जो कि पूरी तरह झूठा था। सलमान ने बताया कि उक्त युवक ठेकदारी करता है सरकारी विभाग में ठेके लेता है और उस ठेके में लोगों को प्रॉफिट का लालच देकर पैसे ठगता है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक दो बार जेल जा चुका है। हरियाणा



में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है और वहां की पुलिस भी इसे गिरफ्तार कर ले गई थी। उन्होंने बताया कि उनके जानने वाले अय्यूब बिल्डिंग मटेरियल एवं लेबर सप्लाई का काम करते हैं। आरिफ एक स्कूल बना रहा था जिसका निर्माण उसके पास पैसे न होने से रुक गया था। जिसके बाद उन्होंने अय्यूब से आरिफ को लेवर और सामान दिलवाया। जिसका करीब तीस लाख रुपए बकाया हो गया। लेकिन जब कई दिनों बाद कोई पैसे नहीं दिए तो उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को आरिफ उनके कैम्प कार्यालय के पास दिखा तो उन्होंने उसे अपने कैंप कार्यालय पर बुलाया और अयूब के पैसे देने की बात कही। बताया कि उस समय आरिफ अपनी गाड़ी उनके कैम्प कार्यालय पर खड़ी कर गया और इस संबंध में लिखकर भी दिया था। सलमान के अनुसार उन्होंने वह गाड़ी भी थाने में जमा करवा दी थी। लेकिन अब पैसे मारने की वजह से मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। वहीं अयूब ने बताया कि आरिफ अपने आप ही सलमान के कैम्प कार्यालय पर आया था इस दौरान उन्होंने अपना हिसाब करने के लिए आरिफ से कहा उसके साथ उसके पिता भी साथ थे किसी प्रकार की कोई मारपीट नहीं हुई थी। पूरा मामला झूठा बनाया गया है।

# ट्रांसपोर्टरों के बीच मारपीट मामले में क्रॉस मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लंढौरा। थिथौला में दो ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने थिथौला निवासी युवक की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मेरठ निवासी ट्रांसपोर्टर की तहरीर पर पहले ही पूर्व ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर चुकी है।

थिथौला निवासी मोनीस पुत्र हसीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी गाडी इंडियन आयल तेल डिपो में चलती है। इसी डिपो में मेरठ निवासी एक ट्रांसपोर्टर के भी तेल टैंकर चलते हैं। 25 सितम्बर को उनके टैंकर चालक ने उसके पिता को बताया कि ट्रांसपोर्टर सुनील कुमार द्वारा उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की गई है। पिडित का कहना है कि 26 सितम्बर को उसके पिता ने ट्रांसपोर्टर के आफिस जाकर जब अपने चालक से मारपीट का कारण जानना चाहा तो ट्रांसपोर्टर सुनील कुमार व उसके दो साथियों ने उसके पिता को गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी आरोप है कि जान बचाने के लिए जब उसका पिता घर के अंदर भागा तो सुनील कुमार धारदार हथियार लेकर अपने साथियों के सहित घर में घुस गए और उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप यह भी है कि शोर मचाने पर आरोपी उसे व उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी देकर गए हैं। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि थिथौला निवासी मोनीस की तहरीर पर सुनील कुमार, ललीत गुप्ता व पवन कुमार निवासीगण मेरठ उत्तर प्रदेश के खिलाफ मारपीट का क्रॉस मुकदमा दर्ज किया गया है। वही इससे पूर्व ट्रांसपोर्टर सुनील कुमार की तहरीर पर पूर्व ग्राम प्रधान जब्बार अली, अजीम, शौकिन व सद्दाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## परिजनों से पैसे न मिलने पर युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने सोमवार को अपने परिजनों से पैसे नहीं मिलने पर गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़कर नीचे कूद कर जान से मरने की धमकी देने लगा ।पुलिस द्वारा टंकी पर चढ़े युवक को काफी मशक्कत के बाद नीचे उतारा तथा उसके खिलाफ शाँति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम पावँटी निवासी अजीत कुमार द्वारा अपने परिजनों से पैसे मांग रहा था। परिजनो द्वारा पैसे में देने पर उक्त गांव में ही बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। तथा नीचे कूद कर जान देने की धमकी देने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद युवक को पानी की टंकी से नीचे उतारा गया।

## दो पक्षों के संघर्ष में छुड़ाने आए व्यक्ति का सिर फोड़ा

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मैं रविवार देर शाम दो पक्षों में झगड़ा होने पर उन्हें छुटाने गए एक व्यक्ति के सिर में लाठी मार कर उल्टा उसी का सिर फोड़ दिया। घायल द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। ग्राम कुशालीपुर निवासी नीटु सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार देर शाम गांव का ही शेखर व एक व्यक्ति आपस में गाली गलौज में मारपीट कर रहे थे। उसी समय वह भी वहां से अपने घर जा रहा था। मारपीट होते देखकर वह दोनों को समझने की नीयत से वहां पर गया तथा मारपीट कर रहे दोनों लोगों को छुड़ाने की कोशिश की। जब वह छुड़ाने का प्रयास कर रहा था उसी समय शेखर ने उसके सिर में लाठी मार कर उसे घायल कर दिया। घायल ने अपना मेडिकल कराकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर से एक व्यक्ति की जान गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में बीती देर रात हुए सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। मेहवड खुर्द उर्फ नागल निवासी 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत कार की टक्कर से हो गई। घटना के बाद से परिवार और गाँव में मातम पसरा हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार (40) वर्षीय इकराम देर रात मेहवड पुल से पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मेहवड के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया।सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दिया।इकराम की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिए जाने की मांग भी उठाई है।थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेल धर्मनिरपेक्षता में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : मेराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** विद्या विकासिनी इंटर कॉलेज नारसन के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय माध्यमिक विद्यालय खो खो प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें नारसन ब्लॉक के केवल इंटर कॉलेज मंगलौर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकोला कला, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लंढौरा, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण, राजकीय उच्चतर माध्यमिक हरझोली जट, राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज, विद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नारसन मेराज अहमद ने करते हुए कहा की खेलकूद धर्मनिरपेक्षता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खेलों के आयोजन से जहांक्षेत्रीय प्रतिभाओंमें निखार आता है तो वहीं आपस में सामुदायिक सौहार्द जुड़ाव भी आता है इसलिए खेलों का ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन भी बेहद जरूरी है ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इस अवसर पर साने करीम सिद्दीकी, भरतवीर मलिक ने उपस्थित होकर मंच साझा किया। विद्यालय के प्रबंधक सतीश सालार एवं प्रधानाचार्य दीपक सालार ने मंच पर मुख्य



अतिथि का स्वागत करके किया। खो खो प्रतियोगिता का पहला मैच अंडर 14 में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकोला कला एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिब्बरहेड़ी के बीच खेला गया मैच के दौरान मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान मनीषा, प्रियांशी, सानिया, शिवांगी, खुशी, प्रिंस, रुद्र चौधरी, हेमंत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन पवन राणा ने बताया प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय माध्यमिक खो खो प्रतियोगिता जो कि राजा महेंद्र प्रताप प्रेम इंटर कॉलेज में आयोजित होगी नारसन ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिता के दौरान संजीव राणा, अरुण खरे, राजीव चौधरी, सौरभ कुमार, अलीशा चौधरी, प्रीति सैनी,सोनिया सैनी, मनीष काकरान, कुशलजीत, अनुज कुमार, प्रभात कुमार एवं आलोक द्विवेदी ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।

# बुजुर्ग महिला ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** एक महिला ने अपार्टमेंट के सातवें माले से कूदकर जान दे दी। बताया गया है कि महिला पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। मृतक का बेटा ऑस्ट्रेलिया में रहता है और वह यहां अपने पति और बेटी के साथ रहती थी। जानकारी के अनुसार हरिद्वार रोड स्थित श्री राम रेजिडेंसी में सातवें माले के फ्लैट में 60 वर्षीय आशा पत्नी राजेंद्र खुराना अपने पति और बेटी के साथ रहती थी। जबकि उनका बेटा ऑस्ट्रेलिया में रहता है। बताया गया है कि महिला पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। रविवार रात अचानक अपनी बालकोनी में पहुंची और नीचे कूद गई। परिजनों में चीख पुकार मची इसके साथ ही अपार्टमेंट के अन्य लोग भी एकत्र हो गए। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है मामले में जांच की जा रही है।

वहीं लक्सर पुलिस ने विभिन्न राज्यों से 3,36,000 की अनुमानित कीमत के 14 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा मोबाइल फोन चोरी/खो जाने के मामलों में बरामदगी के लिए सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल का गठन किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार के निर्देश पर, थाना स्तर पर इस पोर्टल के संचालन के लिए हेड कांस्टेबल विनोद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।

# फर्जीवाड़ा कर 6 लाख हड़पने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जमीन के सौदे में फर्जीवाड़ा कर छह लाख रुपये हड़पने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इमलीखेड़ा निवासी ज्योत्सना आर्य ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही रहने वाले विरेंद्र ने खुद को मोहनपुरा मजरा सालियर में अपनी जमीन का मालिक बताते हुए बेचने की बात कही।जिसका सौदा 12 लाख रुपये में तय किया था। उसने विरेंद्र की मांग पर अलग अलग तारीखों में 6 लाख रुपये चेक और बाकि रकम नगद के जरिए दी थी।जिसका 11 जुलाई 2024 को सब-रजिस्ट्री कार्यालय रुड़की में रजिस्टर्ड इकरारनामा भी कराया गया।और बैनामा की आखरी तारीख 7 जुलाई 2025 तय हुई थी।जब उसने बाकी रकम देकर जमीन का बैनामा कराने के लिए कहा तो आरोपी व्यक्ति टालमटोल करने लगा। संदेह होने पर उसने तहकीकात की तो पता चला कि उक्त जमीन पर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। और आरोपी ने खुद के हक में मुकदमा दायर कर रखा है।आरोप है कि जमीन पर विवाद होने पर उसने उससे दी गई रकम मांगी तो आरोपी ने रकम देने से साफ इंकार कर दिया और धमकी देने लगा। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि इमलीखेड़ा निवासी महिला की तहरीर पर आरोपी विरेन्द्र के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# नबी व उलेमाओंपर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगरवासियों ने नबी और उनके साहबाओं समेत सुन्नी उलेमाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट और वीडियो की भी जांच कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर के नगरवासियों ने थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर बताया कि कस्बे के रहने वाले एक युवक काफी समय से नबी और उनके साहबाओं की शान में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियां कर रहा है।इसके साथ ही सुन्नी मसलक के आलिमों को भी अपशब्द कहकर क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि कस्बे में अधिकतर लोग सुन्नी समुदाय से जुड़े हैं और इस तरह की टिप्पणियां लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं। उन्होंने पुलिस से युवक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट और वीडियो की भी जांच कराई जा रही है।

# दुर्गा कॉलोनी में 40 लाख से होगा सड़क व नाली का निर्माण कार्य

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** खानपुर स्थित दुर्गा कॉलोनी में जिला पंचायत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास जिलापंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने दुर्गा कॉलोनी में 40 लाख की लागत से होने वाले कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किया। जिसमे विभिन्न सड़के व दुर्गा मंदिर में होने वाले निर्माण कार्य शामिल हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी उर्फ किरण चौधरी ने कहा कि नवरात्रों से हम जिले में होने वाले विकास कार्यों का लगातार शिलान्यास कर रहे हैं। आज खानपुर विधानसभा की दुर्गा कॉलोनी में सड़क और मंदिर में होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया है। जो लगभग 40 लाख की लागत से बनेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ही जनार्दन है। उन्होंने कहा कि कालोनीवासियों की मांग पर इस कार्य के बाद अगले कार्यों के लिए भी हमने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि गांव से शहर की तरफ जो पलायन हो रहा था उसमें कमी आयी है और शहर से ज्यादा गांव में सुख सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास किया है और विकास करेगी। आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। वहीं मौके पर मौजूद कॉलोनी वासियों ने कहा की जब से किरण चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष बने हैं उनके कार्य जल्द पूरे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए हमें जिला पंचायत अध्यक्ष ने तीन माह का समय मांगा था। लेकिन उन्होंने यह कार्य दो माह के भीतर ही शुरू करा दिया है। इसके लिए कॉलोनी वासियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

### बुधवाशहीद में भाजपा नेता सुबोध राकेश ने किया

# मां भगवती के जागरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** क्षेत्र स्थित बुधवाशहीद गाँव में आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सुबोध राकेश ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि नवरात्रों में मां की उपासना करने से मां प्रसन्न होती है, और अपने भक्तों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखती हैं।भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि कहा कि जिस प्रकार हम उनका सम्मान करते हैं और एक आदर्श के रूप में उनको देखते हैं, उसी प्रकार की भावना प्रत्येक नारी के लिए रखनी चाहिए। परिवार की जिम्मेदारियों का बोझ जब सिर पर पड़ा तो बेटियां आटो रिक्शा, ट्रेन तक चलाने लगी हैं, साहस के साथ अंतरिक्ष भेद कर वायुयान तक उड़ाने लगी हैं। उन्होंने कहा नारी मां दुर्गा का साक्षात प्रतीक हैं। उन्होंने समाज की कुरीतियों को खत्म करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर प्रधान मुकेश राठौर, मास्टर सुभाष चंद्र राठौर, अब्दुल



अंसारी, विशाल चौहान, रितिक चौहान, अवनीश, अनुराग राठौर,राजेश राठौर,संजू मैनवाल आदि मौजूद रहे।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा उत्सव के तहत चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कॉलेज रुड़की में स्वच्छता सेवा उत्सव-स्वच्छता ही सेवा है के अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के एन.सीसी, एन.एस.एस., सांस्कृतिक समिति, एस.एस.डी. 2 क्रेडिट तथा रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं गैर शिक्षण स्टाफ ने भी अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मेजर डॉ गौतमवीर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता सेवा अभियान में देश के सभी नागरिकों को मिलकर कार्य करना चाहिए। छात्र छात्राएं युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। हमें स्वच्छ पर्यावरण, तथा आदर्श जीवन शैली जीने के लिए स्वच्छता को एक आदर्श के रूप में स्वीकार कर चलना चाहिए। इसलिए हमें इस स्वच्छता सेवा भावना को अपना आदर्श मानते हुए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। इस कार्यक्रम में कैडेट प्रभाकर, रजत, निशांत, वंश, साक्षी, गरिमा, आयुषी कशिश, अभिषेक तथा सूरज, हिमानी, निकिता, गुलशन, अक्षिका, आदि छात्र



छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं गैर शिक्षण स्टाफ ने भी अपना योगदान दिया।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 30 सितम्बर 2025

## खेल में राजनीति

रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। यह भारत की एशिया कप में नौवीं जीत थी। जाहिर है इस जीत के साथ ही पूरा भारत जश्न में डूब गया, लेकिन यह देखना बेहद अजीब रहा कि जश्न के साथ भारत में राजनीति भी शुरू हो गई। वैसे इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पोस्ट ने की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर भी जारी है। वहीं भारतीय कप्तान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंटफुट पर बल्लेबाजी करता है। सूर्य कुमार यादव के अनुसार यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हों। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। वहीं कांग्रेस ने मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि पहली बात तो यह है कि एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध से करना ठीक नहीं है, दूसरी यह कि यदि तुलना कर ही दी, तो आपको टीम से यह सीखना चाहिए कि जब जीत के करीब हों, तो थर्ड एंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। जाहिर है वह जब ऐसा कह रहे थे उनका मतलब ऑपरेशन सिंदूर को रोकने से था, जिसमें अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि यह युद्ध मैंने रुकवाया। बात यहीं खत्म नहीं होती, भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसीन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते वह नाराज होकर ट्रॉफी को अपने साथ पाकिस्तान लेकर चले गए। इस तरह भारत शायद ऐसी पहली टीम बन गई जो बिना ट्रॉफी के ही फाइनल जीतने का जश्न मना रही है। जैसाकि भारतीय कप्तान सूर्य कुमार ने कहा भी कि जब से वह क्रिकेट खेल रहे हैं, तब से उन्होंने पहली बार देखा है कि चैंपियन टीम को ट्राफी नहीं दी गई। अवार्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवार्ड नहीं ले गई, जिसके चलते यह पाया कि दुबई स्पोर्ट सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्राफी दिलाई जाए, लेकिन नकवी नहीं माने और इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया। दूसरी बात इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों से कभी हाथ नहीं मिलाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सोकिया का कहना है कि यह हमने तय किया था कि भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्राफी नहीं लेगी। उनका कहना था कि इसका मतलब यह नहीं कि नकवी भारत की ट्राफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। वह इस पूरे मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी की कान्फ्रेंस में उठाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत को ट्राफी जल्द मिल जाएगी। यह तमाम बातें इशारा करती हैं कि अब खेल में भी सीधे तौर से राजनीति घुस आई है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब इतनी कटुता है तो फिर पाक के साथ मैच खेलने का मतलब ही क्या है। हालांकि ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो पाक के साथ मैच खेलने से इन्कार करते रहे हैं। उनकी नजर में आतंकवाद व क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।


### लोकसभा में विपक्ष के नेता असुरक्षित



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने देने वाले भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा, यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है, यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है, भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी, अब यह गृह मंत्री अमित शाह की जिम्मेदारी है कि बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं।

**केसी वेणुगोपाल**
**महासचिव, कांग्रेस**

## नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान





**योगेश कुमार गोयल**

नवरात्रि पर्व का भारतीय संस्कृति में बहुत बड़ा महत्व है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं, जो शक्ति और भक्ति की प्रतीक हैं, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और साधना का स्वरूप है, मां चंद्रघंटा शांति और सौम्यता की देवी हैं, मां कुष्मांडा सृष्टि की रचनाकार हैं, मां स्कंदमाता करुणा और वात्सल्य की मूर्ति हैं, मां कात्यायनी शक्ति और विजय की देवी हैं, मां कालरात्रि काली रूप हैं, जो अंधकार का नाश करती हैं, मां महागौरी पवित्रता और शांति की देवी हैं तथा मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी हैं। नवरात्रि पर्व भारत की गौरवमई संस्कृति में सही मायनों में नारी शक्ति के आदर-सम्मान का उत्सव है। यह उत्सव नारी को उसके स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण कराता है, साथ ही समाज को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित भी करता है।

भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष सम्मान प्राप्त रहा है। सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है। एक ओर जहां नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग नारी रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं विद्या एवं बुद्धि की देवी भी नारी स्वरूपा देवी सरस्वती हैं। इसी प्रकार धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी भी नारी स्वरूपा ही हैं। हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजनीय माना गया है और सभी शास्त्रों तथा धर्म ग्रंथों में नारी के सामाजिक महत्व को स्वीकारते हुए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी के प्रति पुराणों में इतना आदर-सम्मान यूं ही नहीं व्यक्त किया गया, दरअसल वह नारी शक्ति ही है, जो घनघोर अंधकार में भी अपनी मुस्कान बिखेरकर उजाला करती है।

नारी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु नानक ने कहा था कि नारी, जो राजाओं की भी जननी है, उसका सम्मान होना चाहिए। इसी प्रकार प्रसिद्ध विचारक हेरिएट बीचर स्टोव ने कहा था कि महिलाएं समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में हम मातृ शक्ति के नौ रूपों का पूजन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं, कन्याओं को भोजन पर आमंत्रित कर उनकी पूजा करते हैं, चरण धोकर उनका स्वागत करते हैं और तिलक के पश्चात् दक्षिणा तथा उपहार देकर विदा करने की सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हैं लेकिन साल के बाकी दिन यही नारी शक्ति सम्मान पाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करती दिखती है। पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में भले ही नारी को देवी का दर्जा दिया गया है किन्तु हमारे समाज में नारी की स्थिति प्राचीन काल से ही अच्छी नहीं रही। घर हो या बाहर, उसे हर कहीं किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार होना पड़ता है। हालांकि भारतीय इतिहास नारी की वीरगाथाओं से भरा पड़ा है। आज भी हम माता सीता, सती सावित्री, तारा, कुंती, गार्गी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेते हैं।

नारी को शक्ति की उपासक, घर की आत्मा और प्राण माना गया है। ईश्वर ने नारी को एक जननी के रूप में सम्मान देकर धरती पर भेजा है। नारी के मां के रूप को तो ममता की मूरत कहा गया है। एक मां ही अपने बच्चे के लालन-पालन और उसके अस्तित्व निर्माण के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान दे देती है और अपनी संतान में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए उसमें दया, करुणा, प्रेम इत्यादि गुणों को जन्म देती है। बेटी, बहन, कुलवधू, पत्नी और मां जैसे अलग-अलग रूपों में नारी सही मायनों में एक परिवार की आन-बान और शान होती है। एक गुणवान बेटी के रूप में वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है तो शादी के बाद अपना घर छोड़कर वह जिस दूसरे घर में जाती है, वहां भी त्याग और बलिदान की मूर्ति बनकर सबका दिल जीतने की कोशिश करती है और उस घर को स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

जिस घर-आंगन में चलना सीखकर, खेल-कूदकर वह बड़ी हुई, उसी को छोड़कर वह एक दिन एक ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करते हुए उसे अपने जीवन की बागडोर सौंप देती है, जिसे वह जानती तक नहीं थी। किसी भी देश का भविष्य नारी पर ही टिका होता है क्योंकि एक मां जिस प्रकार अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, उन्हें संस्कारवान बनाती है और फिर वही बच्चे देश के कर्णधार बनते हैं, ऐसे में समझा जा सकता है कि एक नारी की भूमिका राष्ट्र निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है। संतोषजनक स्थिति यह है कि धीरे-धीरे ही सही, लगभग हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। यदि कहा जाए कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। घर-परिवार से लेकर बाहर तक की जिम्मेदारी आज महिलाएं बखूबी निभा रही हैं।


साक्षरता के मामले में भले ही महिलाओं की स्थिति अभी पुरूषों के मुकाबले कम है लेकिन दूसरी ओर देखें तो विभिन्न परीक्षाओं में लड़कियां आज लड़कों से आगे निकलती दिखाई देती हैं। चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, उच्च प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आज नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। व्यापार, अंतरिक्ष, खेल, राजनी. ति इत्यादि क्षेत्रों में भी वे नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। न केवल सिविल सेवाओं बल्कि पुलिस बल तथा सैन्य सेवाओं में भी सक्षम अधिकारी के रूप में उनका दबदबा निरन्तर बढ़ रहा है। सुरों की साम्राज्ञी लता मंगेशकर को साक्षात मां सरस्वती का दर्जा दिया जाता रहा।

किरण बेदी, पीटी उषा, कल्पना चावला इत्यादि अनेक भारतीय महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों से तमाम भारतीयों को न केवल गौरवान्वित किया बल्कि यह भी साबित किया कि महिलाएं आज के जमाने में किसी से कम नहीं हैं। 2016 में तीन जांबाज महिलाओं, बिहार के बेगूसराय की भावना कंठ, मध्य प्रदेश के रीवा की अवनी चतुर्वेदी तथा वडोदरा की मोहना सिंह ने पहली बार वायुसेना में फाइटर प्लेन पायलट का दायित्व संभालकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि भले ही महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता जो भी हो पर महिलाएं आज देश के नभ को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं।

बहरहाल, समय की बदलती धारा के साथ महिलाएं अपने प्रयासों और प्रयत्नों में कहीं पीछे नहीं हैं, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्ग दिखाने और सही अवसर प्रदान करने की। नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने और इस अवसर पर कन्या पूजन करने का वास्तविक औचित्य भी तभी है, जब हम नारी के गुणों का इसी प्रकार सम्मान करें और उसे दोयम दर्जे की न समझकर उसके गुणों को महत्व दें तथा आगे बढ़ने के हरसंभव अवसर प्रदान करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कितने सही हैं हमारे स्लिमिंग सेंटर



खोखले दावे करते स्लिमिंग सेंटर आज हर गली-कूचे में खुलते ही जा रहे हैं और लोग यहां आकर अपना समय व पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं। लोग इन सेंटरों में इस आशा के साथ आते हैं कि एक दिन वह भी आकर्षक नजर आएंगे। यहां हम आपको अपने को फिट व चुस्त रखने के कुछ व्यायाम बता रहे हैं, जिन्हें आप घर में ही आजमा कर आकर्षक दिखने का अपना सपना बिना इन सेंटरों में धन और समय गंवाए ही पूरा कर सकते हैं।

ये व्यायाम खासतौर पर उन अंगों के लिए बेहद असरदार हैं, जो या तो बढ़ती उम्र के कारण दुर्बल होने लगते हैं या फिर शरीर का भार बढ़ने के कारण फैलने लगते हैं जैसे पेट, जांघ, बाजुओं का पिछला हिस्सा व कमर आदि। इन व्यायामों के जरिए निश्चय ही बेहतरीन परिणाम आपको मिलेंगे। टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम वार्म होने के बाद सबसे पहले टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एक कुर्सी के किनारे बैठ जाएं। घुटने एक साथ जोड़ लें, पैरों के बीच की दूरी डेढ़ फीट हो। ध्यान रहे पंजे अंदर की ओर इशारा करते हुए हों। अब पंजों को जितना ऊपर उठा सकती हैं उठाएं, फिर नीचे लाएं। इसे 16 बार दोहराएं। अब पैरों को बाहर की ओर मोड़ते हुए घुटने मिलाकर पैरों में फासला रखते हुए एक बार फिर 16 बार उठाएं। अंत में एड़ियों को जमीन पर जमाते हुए दोनों पैरों को जमीन के साथ रगड़ते हुए अंदर की ओर लाएं।

अब पांवों को स्वीप करते हुए बाहर की ओर लाएं और दोबारा उठाएं। इसे 16 बार दोहराएं। सपाट पेट व कमर को सही आकार देने के लिए व्यायाम पीठ के बल लेट जाएं व हाथों को सिर के पीछे ले जाएं। टांगें मोड़ते हुए पैरों के तलवों से जमीन पर दबाव डालें, जिससे कि दोनों टांगों के बीच कुछ फासला आ जाए। अब बाईं कोहनी को ऊपर की ओर उठाएं व दाएं घुटने की तरफ झुकें फिर वापस जाएं। इसे 12 बार दोहराएं। अब दाएं पांव को जमीन से दो इंच ऊपर की ओर उठाएं और बाईं कोहनी को दाएं घुटने की तरफ सामने 16 बार लाएं। अब इन व्यायामों को दूसरी तरफ से दोहराएं। पीठ के बल लेट जाएं। दोनों टांगों को ऊपर की ओर उठाते हुए घुटनों को 90 डिग्री पर मोड़ लें। टखनों को क्रास कर लें तथा घुटनों के बीच करीब आधा इंच का फासला रखें। अब धीरे-धीरे शरीर के निचले हिस्से को जितना ऊपर उठा सकती हैं, उठाने का प्रयास करें। सर्वोत्तम परिणाम के लिए पेट को व्यायाम के दौरान अंदर ही रखें। जांघों की मजबूती के लिए व्यायाम इसके लिए सबसे पहले बाईं तरफ करवट लेकर लेट जाएं, शरीर के ऊपरी हिस्से को कोहनी पर टिकाते हुए। अब दाईं टांग को इस तरह मोड़ें जिससे कि घुटना ऊपर की तरफ इशारा करता हुआ हो। अब दाएं पांव को हल्के मुड़े घुटने के पीछे ले आएं पेट अंदर की तरफ रखते हुए।

ध्यान रहे कि बायां पांव छत की तरफ इशारा करता हुआ हो। बाईं टांग को काफी ऊंचा उठाएं। इसे 24 बार दोहराएं। अब दूसरी तरफ से इसे करें। ऊपरी बाजू के लिए व्यायाम ऊपरी बाजू में वही पहले जैसा खिंचाव व सही शेप देने के लिए व्यायाम बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है। कुर्सी के किनारे बैठ जाएं व दोनों हाथों से कुर्सी के किनारे थाम लें। कुर्सी पर बैठे बैठे ही आगे की तरफ बढ़ें, जब तक कि आप कुर्सी से नीचे न आ जाएं। अब धीरे-धीरे शरीर के ऊपरी भाग को ऊपर व नीचे ले जाएं, बाजुओं को सीधा करते हुए। इसे 12 बार दोहराएं।

## विविधताओं को जोड़ने वाली अदृश्य डोर है अनुवाद



**श्वेता गोयल**

अपनी सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने संवाद को अपने अस्तित्व का आधार बनाया। भाषा उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है, जिसने उसे अन्य जीवों से अलग किया और विचारों, संवेदनाओं तथा अनुभवों को साझा करने का अवसर दिया किंतु भाषाओं की विविधता ने एक ऐसी दीवार खड़ी कर दी, जिसने सभ्यताओं, समाजों और संस्कृतियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सीमित कर दिया। इसी बाधा को तोड़ने का कार्य किया अनुवाद ने।

अनुवाद दरअसल वह पुल है, जो शब्दों की भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवीय भावनाओं को जोड़ता है और पूरी दुनिया को एक साझा अनुभव-संसार में पिरो देता है। जब कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में साहित्य, दर्शन, विज्ञान या इतिहास पढ़ता है तो उसे यह अनुभव होता है कि विचार कितने गहरे और संवेदनाएं कितनी व्यापक हो सकती हैं किंतु यदि अनुवाद न होता तो विश्व की इस ज्ञान-संपदा का अधिकांश हिस्सा हमारी पहुंच से बाहर रह जाता।

चाहे वह ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू की शिक्षाएं हों, फारसी कवि रूमी के सूफी भाव हों, अरबी विद्वानों का विज्ञान पर किया गया कार्य हो या फिर भारत के वेद, उपनिषद और कबीर-मीरा की रचनाएं, इन सबका वैश्विक प्रभाव केवल और केवल अनुवाद के कारण ही संभव हुआ। अनुवाद ने यह साबित कर दिया कि भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे भाषाई भिन्नताओं से परे जाकर मनुष्य के हृदय तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भाषा को मानवीय अधिकारों के मूल में रखा है। भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं बल्कि पहचान, संस्कृति और जीवनदृष्टि की वाहक हैं किंतु जब भाषाओं की विविधता समझ में बाधा डालती है तो अनुवाद एक ऐसा साधन बन जाता है, जो मानवीय समानताओं को उजागर करता है और विविधताओं को सम्मान के साथ स्वीकार करता है। इसीलिए हर साल 30 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस' मनाया जाता है, जो केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है बल्कि इस बात की पुनर्पुष्टि भी है कि अनुवाद ही वह संवेदनात्मक सेतु है, जो शब्दों से आगे जाकर मानवता को एक सूत्र में पिरोता है।

दुनिया का साहित्य इस बात का सबसे सशक्त प्रमाण है। जब हम रूस के महान लेखक टॉल्सटॉय का युद्ध और शांति पढ़ते हैं तो हमें केवल रूसी समाज की झलक नहीं मिलती बल्कि युद्ध और शांति जैसे सार्वभौमिक विषयों पर मनुष्य की गहरी संवेदनाओं का अनुभव होता है। जब जापानी साहित्यकार हारुकी मुराकामी की रचनाएं हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ी जाती हैं तो यह समझ आता है कि अकेलेपन, प्रेम, समय और जीवन की जटिलताओं से जूझना हर मनुष्य का साझा अनुभव है। इसी तरह जब भारतीय कवियों और लेखकों की रचनाएं यूरोपीय भाषाओं में अनूदित होती हैं तो विश्वभर के पाठक भारतीय संस्कृति की सूक्ष्मताओं और भावनात्मक गहराइयों से परिचित होते हैं। अनुवाद केवल शब्दों का स्थानांतरण नहीं होता। यदि वह मात्र शब्दानुवाद तक सीमित रहे तो उसका सार खो जाता है। अनुवाद की सच्ची आत्मा यह है कि उसमें भावनाओं, संवेदनाओं और सांस्कृतिक संदर्भों का भी संप्रेषण हो। उदाहरण के लिए, संस्कृत शब्द 'रस' को केवल 'जूस' या 'टेस्ट' कहना उसके गहन साहित्यिक और भावनात्मक अर्थ को खो देता है। इसी प्रकार हिंदी का 'मिट्टी' केवल 'सॉयल' नहीं है, उसमें गंध, संस्कार और आत्मीयता का भाव भी निहित है। अनुवादक का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि वह केवल भाषा का नहीं बल्कि संस्कृति और भावनाओं का भी पुल बने।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने साबित किया कि अनुवाद ने मानवीय इतिहास की दिशा बदली। मध्यकालीन युग में जब अरब विद्वानों ने ग्रीक दर्शन और विज्ञान के ग्रंथों का अरबी में अनुवाद किया तो वही आगे चलकर यूरोप के पुनर्जागरण का आधार बना। इसी प्रकार, बौद्ध धर्म के ग्रंथ जब चीनी, जापानी और तिब्बती भाषाओं में अनूदित हुए तो एशिया के विशाल भूभाग में करुणा और अहिंसा का संदेश फैल गया। भारत के आधुनिक काल में महात्मा गांधी ने गीता के गुजराती अनुवाद से जीवन की प्रेरणा ली और इसी से उनके सत्य और अहिंसा के विचारों ने पूरी दुनिया को झकझोरा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि अनुवाद केवल साहित्य या दर्शन तक ही सीमित नहीं है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अनुवाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी ज्ञान केवल एक ही भाषा तक सीमित रहता तो उसका वैश्विक लाभ संभव न होता। जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और मानवाधिकार जैसे विषयों पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें हर प्रमुख भाषा में उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वैश्विक समझ और कार्रवाई में कोई बाधा न हो। अनुवाद की प्रक्रिया में सबसे बड़ा कौशल यह है कि अनुवादक दोनों भाषाओं की गहराई और सांस्कृतिक बारीकियों को समझे। एक सफल अनुवादक वह है, जो केवल शब्दों का नहीं बल्कि भावों का अनुवाद करे। इसी कारण अनुवाद को अक्सर 'कला' कहा जाता है। यह रचनात्मकता, संवेदनशीलता और बौद्धिकता का अद्भुत संगम है।

एक अनुवादक वह शिल्पी है, जो किसी भाषा के विचारों को दूसरी भाषा में ऐसे गढ़ता है कि पाठक को यह न लगे कि वह अनुवाद पढ़ रहा है बल्कि ऐसा अनुभव हो, जैसे यह रचना उसी भाषा में मूल रूप से लिखी गई हो। वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अनुवाद का महत्व और भी बढ़ गया है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने हमें पूरी दुनिया से जोड़ दिया है किंतु भाषा की दीवार अब भी कायम है। अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी ही इस दीवार को ढ़हाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन ट्रांसलेशन के आगमन ने अनुवाद की दुनिया में नए अवसर खोले हैं किंतु यह भी सत्य है कि मानवीय भावनाओं को पूरी तरह समझने और संप्रेषित करने का सामर्थ्य अब भी मानव अनुवादकों के पास ही है। मशीनें शब्दों को जोड़ सकती हैं लेकिन संवेदनाओं का सेतु अब भी मनुष्य ही बना सकता है। दुनिया की हर भाषा, हर साहित्य और हर संस्कृति मानवीय विरासत का अनमोल हिस्सा है। अनुवाद ही वह साधन है, जो हमें यह अहसास कराता है कि मनुष्य की संवेदनाएं साझा हैं, चाहे वे किसी भी भाषा में व्यक्त की गई हों। दु:ख, प्रेम, करुणा, आशा और संघर्ष, ए सभी भाव सार्वभौमिक हैं। भाषा की विविधता केवल उनकी प्रस्तुति को अलग-अलग स्वरूप देती है लेकिन उनका मूल स्वर हर जगह एक जैसा होता है। यही कारण है कि अनुवाद को संवे. दनाओं का सेतु कहा जाता है। यह सेतु केवल शब्दों का नहीं है बल्कि यह हृदय से हृदय तक पहुंचने का मार्ग है। यह वह शक्ति है, जो सभ्यताओं को एक-दूसरे से जोड़ती है, संस्कृतियों को परस्पर समझने का अवसर देती है और मनुष्यता को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की दृष्टि प्रदान करती है। आज जब दुनिया असमानताओं, संघर्षों और विभाजनों से जूझ रही है तो अनुवाद हमें यह सिखाता है कि हमारी साझा मानवता कहीं गहरी है और भाषा की सीमाएं केवल सतही हैं। यदि हम एक-दूसरे की भाषा को समझें, एक-दूसरे की संवेदनाओं को महसूस करें तो संवाद और सहयोग की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस इसी विश्वास का उत्सव है कि शब्दों से आगे जाकर भावनाओं का जो सेतु अनुवाद निर्मित करता है, वही मानवता को सशक्त और एकजुट बनाए रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, बगावत के बन रहे हालात

# पीओके में आर्मी काफिले पर नागरिकों का पथराव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बगावत के सुर लगातार तेज हो रहे हैं। एक तरफ जहां बलूच लड़ाके पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किए हुए हैं, वहीं अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बगावत भड़क गई है और हजारों लोग शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर (पीओके) के 3 बड़े शहरों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) की अपील पर सोमवार को पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद कर दी गईं।

लोकल लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ कि हम तुम्हारी मौत हैं जैसे नारे लगाए। हजारों लोग कोटली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में आजादी और पाकिस्तानी सेना वापस जाओ जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने भारी सिक्योरिटी तैनात की है। एएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा: हम सिर्फ अपने हक मांग रहे हैं, जो 70 साल से हमें नहीं मिले। अब सरकार को हमें हमारे अधिकार देने होंगे। एएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं-पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पत्रकारों और टूरिस्ट की एंट्री बैन कर दी है। लोकल रिपोर्टर्स भी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें न्यूट्रल कवरेज करने से रोका जा रहा है। इसके अलावा कई मानवाधिकार संगठन भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। पीओके में आधी रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सरकार को डर है कि ये प्रदर्शन आजादी की व्यापक मांग में बदल सकते हैं। पीओके में पहले भी कई बार सेना और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।पिछले साल मई में सस्ते आटे और बिजली के लिए लोगों ने हड़ताल की थी। लोग कहना है कि पीओके में मौजूद मंगला डैम से बिजली बनती है, फिर भी उन्हें सस्ती बिजली नहीं मिलती।

इसी तरह 2023 में भी बिजली की कीमतें बढ़ाने और गेहूं की सब्सिडी हटाने के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए थे। 2022 में भी सरकार के एक कानून के खिलाफ लोगों ने सड़कें जाम की थीं और आजादी के नारे लगाए थे। अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।



- इंटरनेट बंद, पाक की फौज ने गोलियां चलाईं
- आंदोलनकारी बोले: हम तुम्हारी मौत हैं, पीओके में पत्रकारों की एंट्री पर बैन
- महंगाई, बेरोजगारी और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए

## तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त दे रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह जमीन कराची इंडस्ट्रियल पार्क में नया एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (ईपीजेड) बनाने के लिए दी जा रही है। इस जोन का मकसद तुर्की की कंपनियों को पाकिस्तान में निवेश के लिए आकर्षित करना है। इसके जरिए पाकिस्तान दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक ले जाना चाहता है। दरअसल, तुर्की ने मई में हुई भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2025 में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन से मुलाकात की थी। इसी दौरान जमीन देने की पेशकश की थी। पाकिस्तान के अधिकारियों का एक डेलिगेशन हाल ही में तुर्की गया था। उन्होंने वहां के एक्सपोर्ट जोन देखे और समझा कि तुर्की कैसे निवेशकों को सुविधाएं देता है।



पेरू। लीमा में जेन-जी के प्रदर्शनकारी पुलिस से झड़प करते हुए।

## नेपाल के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में जेन-जी प्रदर्शन

**भ्रष्टाचार और पेंशन सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, जापानी एनिमे केरेक्टर 'लूफी' को रोल मॉडल बनाया**

**लीमा।** नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन-जी भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितम्बर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया।

दरअसल, ये विरोध 20 सितम्बर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। जेन-जी ने इस प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल माडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है। यहां, भ्रष्टाचार, आर्थिक असुरक्षा, बढ़ता अपराध और जवाबदेही की कमी ने युवाओं को नाराज किया है। 2022 में पूर्व राष्ट्रपति पेद्रो कास्तिलो को हटाए जाने और गिरफ्तार किए जाने के बाद, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान ने अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान सरकार ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक अमेरिकी नागरिक की रिहाई की घोषणा की है। अफगानिस्तान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने रविवार को बताया कि बंधक प्रतिक्रिया मामलों के अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत एडम बो. हलर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ काबुल आकर यहां विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की।

### यूक्रेन के लिए जासूसी का आरोप: रूसी महिला हिरासत में

**मास्को।** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार को कहा कि उसने रूसी महिला सेवस्तोपोल को यूक्रेनी सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूसी करने और काला सागर बेड़े के जहाजों की तैनाती स्थानों की तस्वीरें प्रदान करने पर हिरासत में लिया है। जिनका इस्तेमाल यूक्रेन ने मिसाइल हमलों की योजना बनाने के लिए किया था। एफएसबी ने एक बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने 1980 में जन्मी एक रूसी नागरिक को सेवस्तोपोल में हिरासत में लिया है, जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से खुफिया गतिविधियां चला रही थी।

### सेनेगल में रिफ्ट वैली बुखार के प्रकोप से सात लोगों की मौत

**डकार।** अफ्रीका महाद्वीप के सेनेगल राष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री इब्राहिमा सी ने कहा कि उत्तरी सेंट-लुई क्षेत्र में रिफ्ट वैली बुखार (आरवीएफ) के प्रकोप से सात लोगों की मौत हो गई है। सेंट लुईस में रविवार को महामारी नियंत्रण बैठक में सी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी, पशुधन विभाग के साथ मिलकर बीमारी को फैलने से रोकने के लिए तेजी से उपाय कर रहे हैं। गुरुवार को सेंट लुईस क्षेत्र में आधिकारिक रूप से पहला आरवीएफ का मामला सामने आया था।

### रूस को किसी के साथ जंग की आवश्यकता नहीं: मेदवेदेव

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने सोमवार को कहा कि रूस को यूरोप समेत किसी से कोई जंग करने की जरूरत नहीं है। मेदवेदेव ने कहा रूस को किसी के साथ भी युद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। यूरोप में अब कुछ भी लाभ कमाने लायक नहीं है।

# ट्रम्प ने फोड़ा एक और टैरिफ बम

## अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर लगाया 100 फीसदी शुल्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रम्प ने अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे भारत समते दुनिया के कई देशों के सिनेमा उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इससे पहले ट्रम्प ने दूसरे देशों से आने वाली दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया है। यह कदम हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारा मूवी निर्माण व्यवसाय अमेरिका से चोरी किया गया है, बिलकुल वैसा जैसे बच्चे से कैंडी चोरी करना। उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर को कमजोर और अक्षम बताया और कहा कि यही कारण है कि यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या का समाधान करने के लिए अब विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने मई में इस तरह के टैरिफ का विचार पहले भी व्यक्त किया था, लेकिन उस समय उन्होंने विवरण नहीं बताया था। इस घोषणा के बाद एंटरटेनमेंट दिग्गजों के शेयर प्री.मार्केट ट्रेडिंग में गिरावट दिखाने लगे।

नेटफ्लिक्स के शेयर 1.4 प्रतिशत और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के शेयर 0.6 प्रतिशत गिर गए। हॉलीवुड स्टूडियोज और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब इस नीति के प्रभाव को समझने में लगे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना सहित अमेरिका के फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों से हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा।



**विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया**

# भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है: रूस

## रूसी विदेश मंत्री बोले: अमेरिका को व्यापार बढ़ाना है, तो उससे बात करें, हमारे रिश्ते बहुत अच्छे

**वाशिंगटन।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है। रूस को भी इससे फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि भारत के अमेरिका से संबंधों को लेकर रूस को कभी चिंता नहीं हुई। उन्होंने कहा कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है।

लावरोव से रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका की ओर से भारत पर डाले जा रहे दबाव के संबंध में सवाल पूछा गया था। लावरोव ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की वजह से अमेरिकी टैरिफ लगने के बावजूद भारत-रूस के बीच आर्थिक साझेदारी को कोई खतरा नहीं है। लावरोव ने आगे कहा कि अगर अमेरिका के पास भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के तरीके हैं, तो वे उन शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका कुछ भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और किसी तीसरे देशों के बीच ट्रेड, इंवेस्टमेंट, इकोनामिक, सेफ्टी, टेक्नोलाजी और दूसरे संबंधों की आती है, तो भारत केवल उन्हीं देशों के साथ इस पर चर्चा करता है। लावरोव ने भारत-रूस के रणनीतिक रिश्तों पर जोर देते हुए कहा हम भारत के राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति का सम्मान करते हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, जिसे अब अहम रणनीतिक साझेदारी कहा जाता है। लावरोव ने कहा कि हमारे बीच नियमित बातचीत होती रहती है। मैं यह नहीं पूछता कि हमारे व्यापारिक संबंधों, हमारे तेल का क्या होगा। वे खुद फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। लावरोव ने हाल ही में चीन में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर करीबी सहयोग है। उन्होंने यह भी कहा कि दिसम्बर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना है। इस दौरान व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, स्वास्थ्य, उच्च-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा होगी। लावरोव ने कहा, हमारा द्विपक्षीय एजेंडा बहुत व्यापक है। हम एससीओ, ब्रिक्स और दूसरे मंचों पर मिलकर काम करते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था।



**रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया**

# भारत के टेररिस्तान कहने से पाकिस्तान नाराज

## पाक राजनयिक मोहम्मद राशिद ने यूएन में कहा: भारत हमारा नाम बिगाड़ रहा, यह हमारे देश का अपमान

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान ने भारत पर नाम बिगाड़ने का आरोप लगाया है और भारतीय राजनयिक के 'टेररिस्तान' कहने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, यूएन में भारत-पाकिस्तान के राजनयिक एक-दूसरे को जवाब दे रहे थे।

इस दौरान भारतीय राजनयिक रेन्ताला श्रीनिवास ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे 'टेररिस्तान' कहा। इस पर नाराजगी जताते हुए पाकिस्तानी राजनयिक मोहम्मद राशिद ने कहा यह बेहद अफसोसजनक है कि भारत इतना गिर गया है कि एक देश के नाम तक को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। यह पूरे राष्ट्र का अपमान है। यह भारत की हताशा और अपरिपक्वता को दिखाता है। राशिद ने आरोप लगाया कि भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं। भारतीय और पाकिस्तानी राजनयिक के बीच बहस की शुरुआत विदेश मंत्री जयशंकर के भाषण को लेकर हुई। जयशंकर ने 27 सितम्बर को यूएन में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर कहा था। उन्होंने कहा पाकिस्तान में आतंकियों की तारीफ की जाती है। इस पर पाक राजनयिक राशिद ने जवाब देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 90000 से ज्यादा जानें गंवाई हैं। पाकिस्तान खुद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस पर पलटवार करते हुए श्रीनिवास ने कहा पाकिस्तान की पहचान खुद उसके कामों से होती है। दुनियाभर में फैले आतंकवाद में उसकी छाप साफ दिखाई देती है। वह अपने पड़ोसियों ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा है। कोई भी तर्क या झूठ कभी भी टेररिस्तान के अपराधों को छुपा नहीं सकता राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया उदाहरण है। उन्होंने इसे क्रूर आतंकी हमला बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा: आतंकी ढांचों का खत्म होना जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है।




**राशिद ने आरोप लगाया: भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं**

## यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें भेजने पर विचार कर रहा अमेरिका: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की योजना है कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी यूरोपीय देश उससे अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उसे यूक्रेन को दे दें। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज़ से यह बात कही है। उन्होंने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के आवेदनों पर विचार कर रहे हैं। जब उनसे यूक्रेन को मिसाइलें देने और उससे बढ़ने वाले खतरों पर राय मांगी गई तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तय करेंगे कि अमरीका के लिए क्या बेहतर है। उन्होंने साफ़ किया कि इस पर अंतिम फ़ैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ही करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सम्मेलन के दौरान ट्रम्प से मुलाकात में यह प्रस्ताव रखा था, जिस पर उन्होंने कहा कि हम इस पर काम करेंगे।

## मोदी ने जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी की प्रस्तावना लिखी

**कहा: यह पीएम मेलोनी की मन की बात, उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी 'आई एम जार्जिया-माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स' के इंडियन एडिशन के लिए फारवर्ड (प्रस्तावना) लिखा है। इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लान्च करेगा।

मोदी ने मेलोनी को एक 'देशभक्त और बेहतरीन समकालीन' नेता बताते हुए तारीफ की। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की 'मन की बात' जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह 'बहुत बड़ा सम्मान' है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति 'सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती' की भावना के साथ कर रहे हैं। अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मेलोनी का जीवन स्थिरता और जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए दुनिया के साथ समान स्तर पर बातचीत करना हमारे मूल्यों से मेल खाता है। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में त्प्रवसप पब्लिशिंग ने प्रकाशित की था। इसका इटालियन संस्करण '**Io Sono Giorgia**' के नाम से जारी किया गया था। यह किताब प्रकाशन के पहले साल में ही 150000 कापी बिक चुकी थीं।

## मिशिगन चर्च में गोलीबारी हमलावर सहित पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में रविवार को एक चर्च में प्रार्थना के लिए आए लोगों को निशाना बना कर हुई अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इन मरने वालों में हमलावर भी शामिल है।

संवाद समिति शिन्हुआ के अनुसार एक बंदूकधारी ग्रैंड ब्लैंक इलाके में बने चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स में कार से पहुंचा और उसने लोगों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। ग्रैंड ब्लैंक के पुलिस प्रमुख विलियम रेने ने बताया कि उसने चर्च में आग भी लगा दीथी, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। इस हमलावर की पहचान बर्टन निवासी थॉमस जैकब सैनफोर्ड (40) के रूप में की गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने फेसबुक पर हमलावर की मां की एक पोस्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि सैनफोर्ड ने 2004 से 2008 तक मरीन कॉर्प्स के रूप में इराक युद्ध में भाग लिया था। स्पूतनिक संवाद समिति ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जांचकर्ताओं को घटना स्थल से कई विस्फोटक सामग्री मिली है। मिशिगन पुलिस ने कहा कि इस हमले के बाद उन्हें बम धमाके करने की धमकियां फोन पर मिलीं। ये कॉल संदिग्ध की मौत के बाद आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया में इसे ईसाइयों के खिलाफ एक और लक्षित हमला बताया।

# वियतनाम में तूफान बुओलोई ने दी दस्तक


## कई इलाकों में तेज हवाएं और भारी बारिश

**हनोई।** तूफान बुआलोई ने सोमवार सुबह मध्य वियतनाम में दस्तक दे दी, जिससे अनेक क्षेत्रों में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है। वियतनाम के राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूर्वानुमान केंद्र के उप निदेशक डा. होआंग फुक लाम ने तूफान बुआलोई के मद्देनजर आज दोपहर से 30 सितम्बर तक उत्तरी डेल्टा फु थो और दक्षिणी प्रांतों सोन ला, लाओ कै और थान होआ में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

लाम ने कहा इसके असर से कुल वर्षा 100-200 मिमी और स्थानीय स्तर पर 300 मिमी से अधिक होगी। उन्होंने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर वियतनाम के अन्य स्थानों में मध्यम, भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। कुल वर्षा 70 से 150 मिमी के बीच तथा स्थानीय स्तर पर 200 मिमी से अधिक हो सकती है। इसके अलावा निचले, पहाड़ी और मध्य-भूमि क्षेत्रों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और व्यापक सैलाब आने का खतरा बहुत अधिक बना हुआ है। वियतनाम के अन्य हिस्सों में 27 और 28 सितम्बर को तूफान बुआलोई के दौरान तेज हवाओं ने कई इलाकों में तबाही मचाई थी और कई जगहों पर मूसलाधार बारिश भी हुई। वियतनाम के क्वांग त्रि, ह्यू और दा नांग इलाके तूफान बुआलोई के असर से ज्यादा प्रभावित रहे। वियतनाम के प्रधानमंत्री चीन्ह ने अपने सहयोगी नेताओं को प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने, सुरक्षा की गारंटी मिलने तक लोगों को घर वापस लौटने से रोकने और शिविर केंद्रों पर पर्याप्त उचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बांधों और जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खोज एवं बचाव कार्य के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा बलों की व्यवस्था करने को कहा है।



**लाम ने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108